**आज का सुविचार**

*महानता कभी ना गिरने में नहीं है, बल्कि हर बार गिरकर उठ जाने में है।*

साप्ताहिक

# युवा प्रदेश

Freedom Of Speech

RNI. NO. MPHIN/2015/76299

संपादक-नागेश नरवरिया



YP24 NEWS

जिले एवं तहसीलों में संवाददाता नियुक्त करना है.. संपर्क करे -9425156055



वर्ष 9, अंक- 53 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 7 फरवरी 2025 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये


## समाज सेवा ही राष्ट्र की सेवा है : मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली में हुई गणतंत्र दिवस परेड-2025 में शामिल एनएसएस विद्यार्थियों का किया सम्मान




**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राष्ट्रीय सेवा योजना व्यक्तित्व विकास और राष्ट्र प्रेम की सीख देने की जीवंत इकाई है। इसके नाम से ही सेवा का भाव उत्पन्न होता है। यह संगठन विद्यार्थियों के गुणों का संवर्धन कर उन्हें समुदाय विकास की मूल भावना से ओत-प्रोत कर देश के विकास में सहयोग देता है। यह बेहद प्रशंसनीय है कि आज हमारे विद्यार्थी एनएसएस को एक विषय के रूप में पढ़ रहे हैं। युवा ही देश का भविष्य हैं और इनमें सेवा भावना के विकास से देश का विकास और अधिक तीव्र गति से होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरूवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में गणतंत्र दिवस परेड-2025 नई दिल्ली में मध्यप्रदेश का गौरव बढ़ाने वाले राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के विद्यार्थियों के सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एनएसएस के समर्पण और सेवा भावना की सराहना करते हुए परेड में शामिल हुए विद्यार्थियों और उनके समन्वयकों को मैडल देकर सम्मानित किया और शुभाशीष भी दिया। इन एनएसएस विद्यार्थियों ने कर्तव्यपथ, नई दिल्ली में 26 जनवरी 2025 को हुई गणतंत्र दिवस परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मध्यप्रदेश का नाम रौशन किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं में समाजसेवा, राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और साहचर्य की भावना विकसित करने का एक महत्वपूर्ण मंच है। मध्यप्रदेश के विद्यार्थियों ने इस परेड में बेहतरीन प्रदर्शन कर पूरे प्रदेश को गौरवान्वित किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों को आगे भी समाजसेवा में हरसंभव सहयोग देने और राष्ट्रीय जागरूकता से जुड़े कार्यों में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। युवा ऊर्जा को सही दिशा देकर हम सभी युवाओं की प्रतिभाओं को तराशकर प्रदेश के विकास में उनका सहयोग ले रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि युवा देश और प्रदेश के विकास की धुरी हैं।

### एनएसएस से जुड़े हैं 1.60 लाख से अधिक विद्यार्थी

अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा विभाग श्री अनुपम राजन ने कहा कि एनएसएस शिक्षा द्वारा समाज सेवा और समाज सेवा द्वारा शिक्षा की मूल भावना से कार्य करने वाला राष्ट्रीय संगठन है। प्रदेश के सभी महाविद्यालयों के करीब एक लाख 60 हजार से अधिक विद्यार्थी इस संगठन से जुड़े हैं। जिन महाविद्यालयों में एनएसएस नहीं है, वहां भी एनएसएस यूनिट तैयार करने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस परेड-2025 में शामिल हुए मध्यप्रदेश के एनएसएस दल के सभी स्वयंसेवकों को बधाई दी और कहा कि राष्ट्र सेवा से जुड़कर सभी विद्यार्थी एक जिम्मेदार नागरिक बनें।

## विवाह बिना तलाक की डिक्री के शून्य कब हो सकता है जानिए/The Hindu Mariage Act,1955.

वैसे तो शून्य विवाह , विवाह नहीं माना जाता है। फिर भी इसे विवाह का नाम इसलिए दिया गया है कि दो व्यक्ति विवाह के किसी संस्कार के अंतर्गत एक सूत्र में बंधे है। लेकिन विधि(कानून) की दृष्टि में यह पति पत्नी नहीं माने जाते हैं। अगर किसी स्त्री की 18 वर्ष से कम आयु में शादी हो जाए या लड़के की 21 वर्ष से कम आयु में शादी हो जाती है तब ऐसा विवाह विधि के अनुसार प्रारंभ से ही शून्य होगा अर्थात दोनो हिन्दू विवाह के अनुसार पति-पत्नी नहीं माने जाएंगे-?आंध्रप्रदेश उच्च न्यायालय के अनुसार। शून्य विवाह पति पत्नि की हैसियत प्रदान नहीं करता है, यदि दोंनो में से कोई भी किसी अन्य व्यक्ति से विवाह कर लेते हैं तो वे द्विविवाह के दोषी नहीं होंगे। शून्य विवाह होने पर न्यायालय की डिक्री प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं क्योंकि यह कानून में विवाह नहीं है।



युवा प्रदेश समाचार पत्र

- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

**हिन्दू विवाह अधिनियम,1955 की धारा 11 के अनुसार शून्य विवाह के आधार-**

1. **द्विविवाह-** अगर पहली पत्नी के जीवित पति दूसरा विवाह कर लेता है तो उसका दूसरा विवाह शून्य होगा। अगर पत्नी दूसरा विवाह पति के जीवित होते हुए तब उसका दूसरा विवाह शून्य होगा। अगर विवाह विच्छेद की डिक्री प्राप्त करके शादी करते हैं तो यह विवाह वैध हो सकता है।
2. **सपिण्ड संबंधों के भीतर-** सपिण्ड अर्थात गोत्र, कुल में शादी करना वैध नहीं माना जाएगा। हिंदू विवाह के अधीन विवाह के पक्षकारों में सपिंड नातेदारी का विशेष ध्यान रखा जाता है तथा यह ध्यान देने का प्रयास किया गया है कि विवाह के पक्षकार एक दूसरे से सपिंड अर्थात गोत्र में नहीं हो। वर्तमान अधिनियम के अंतर्गत पिता की ओर से पाँच पीढ़ियां तथा माता की ओर से तीन पीढ़ियां सपिंड नातेदारी के भीतर होती है।
3. **प्रतिषिद्ध सम्बन्धो-** प्रतिषिद्ध नातेदारी को सरल भाषा में कहें, तो ब्लड रिलेशन में शादी की मनाही होती है अर्थात दोनों पक्षों का रिश्ता भाई-बहन, चाचा-भतीजी, मामा-भांजी, फूफी-भतीजा, मौसी-भांजे आदि का नहीं होना चाहिए।

## बैंक से डिफॉल्टर व्यक्ति की कौन-कौन सी संपत्ति कुर्क या विक्री की जाती है जानिए/Code of Civil Procedure,1908..।

पिछले लेख में हमने आपको बताया था कि अगर कोई व्यक्ति बैंक या अन्य संस्था के अधिकतम पाँच हजार से ज्यादा पैसो के लिए भुगतान नहीं करता है, तब उसे तीन माह तक का कारावास हो सकता है। लेकिन सिविल न्यायालय ज्यादा रकम नहीं चुकाने वाले व्यक्ति की वसूली के लिए संपत्ति कुर्की या विक्री के आदेश भी जारी कर सकता है वो कौन-कौन सी व्यक्ति की संपत्ति होगी जिसे न्यायालय जब्ती या नीलामी के आदेश देगा जानिए।

**सिविल प्रक्रिया संहिता,1908 की धारा 60 की परिभाषा(सरल शब्दों में)-**

अगर व्यक्ति निर्णीत-ऋणी(डिफॉल्टर) के विरुद्ध सिविल न्यायालय द्वारा संपत्ति कुर्क या विक्री की डिक्री पारित हैं उनकी जिन संपत्तियों को कुर्क या नीलाम किया जा सकता है वो-

भूमि, मकान, धन, बैंक एफ,डी, चेक,विनिमय पत्र(हस्ताक्षर वचन पत्र), हुणडी(आपसी चेक),शासकीय जमानत, धन का बंधपत्र, अन्य जमानत, समस्त चल, अचल संपत्ति जो डिफॉल्टर व्यक्ति की है, व्यक्ति को मिलने वाला वेतन(शर्तो के अनुसार) आदि संपत्तियां जब्त या नीलाम की जा सकती है।

**डिफॉल्टर व्यक्ति कि जो संपत्ति कुर्क या नीलाम नहीं कि जा सकती है वह हैं-**

उसकी पत्नी या उसकी बच्चों के पहनने के आवश्यक वस्त्र, खाने के बर्तन, सोने के पलंग, बिस्तर के कपड़े, निजी आभूषण जो स्त्री की धार्मिक प्रथा के अनुसार अलग नहीं कर सकती है जैसे शादी के गहने, सगाई की अंगूठी, मंगलसूत्र आदि। शिल्पी के औजार, खेती के उपकरण, वह सामग्री जो व्यक्ति की जीविकोपार्जन के लिए आवश्यक है, पेशन वाले व्यक्ति की पेंशन या पी.एफ आदि, व्यक्ति के आवश्यक दस्तावेज आदि संपत्तियों को कोई भी सिविल न्यायालय जब्ती या नीलामी करने के आदेश नहीं दे सकता है।

**एक बार वेतन लेने के बाद दुवारा फिर से कुर्क नहीं किया जा सकता है जानिए -**

**शेख नूरजहाँ बनाम एम. राजेश्वरी-?**

उपर्युक्त मामले में आंध्रप्रदेश उच्च न्यायालय ने यह अभिनिर्धारित किया कि जहाँ निर्णीत (डिफॉल्टर)व्यक्ति का वेतन पहले ही 24 माह(दो वर्ष) से अधिक समय तक कुर्की के अधीन रह चुका हो वहाँ पुनः दूसरी बार उसके वेतन को जब्त नहीं किया जा सकता है।

- लेखक बी.आर.अहिरवार
(पत्रकार एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद)

## शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध एवं पर्याप्त वोल्टेज की विद्युत आपूर्ति करायें सुनिश्चित : उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल



भोपाल। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने निर्देश दिये हैं कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध एवं पर्याप्त वोल्टेज की विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करायें। उन्होंने कहा कि खराब ट्रांसफार्मर को बदलें तथा फाल्ट केबल को सुधारें। उन्होंने उद्योग विहार में निर्मित विद्युत सब-स्टेशन को शीघ्र तैयार कर संचालन प्रारंभ करने के निर्देश दिये। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि शहर में पॉवर ट्रांसफार्मर बनाने की जरूरत है ताकि गर्मी के दिनों में विद्युत की समस्या न आने पाये। आरडीएसएस योजना के तहत फीडर सेपरेशन के कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिये। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने सर्किट हाउस रीवा में विद्युत विभाग के कार्यों की समीक्षा की। अधीक्षण यंत्री श्री बी.के. शुक्ला ने बताया कि योजना के तहत निर्माणाधीन 6 सब-स्टेशन में से 5 का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, शेष एक सब-स्टेशन का कार्य शीघ्र पूर्ण कर लिया जायेगा। अध्यक्ष नगर निगम श्री व्यंकटेश पाण्डेय, पूर्व विधायक श्री केपी त्रिपाठी स्थानीय जन-प्रतिनिधि सहित विद्युत मंडल के अधिकारी उपस्थित रहे।

## मध्यप्रदेश को लगातार 7 बार मिले हैं कृषि कर्मण अवार्ड

भोपाल। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रयास से कृषि के क्षेत्र में मध्यप्रदेश अग्रणी राज्यों में शामिल है। मध्यप्रदेश को वर्ष 2011-12 से 2017-18 तक लगातार 7 बार कृषि कर्मण अवार्ड से पुरस्कृत किया गया है। मध्यप्रदेश वर्ष-2011-12, 2012-13 एवं 2014-15 में कुल खाद्यान्न केटेगरी के लिए, वर्ष- 2013-14, 2015-16 एवं 2016-17 में गेहूं फसल के लिये और वर्ष 2017-18 में दलहन फसल के लिये कृषि कर्मण अवार्ड से पुरस्कृत किया गया है। वर्ष- 2022 में मध्यप्रदेश के भू-अभिलेखों के एकीकरण के लिये केन्द्र सरकार द्वारा फसल बीमा योजनांतर्गत उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किया गया है। प्रदेश में गेहूं, उड़द, मसूर, सोयाबीन, अलसी, फसलों का क्षेत्राच्छादन सबसे अधिक है। मक्का और तिल के उत्पादन में मध्यप्रदेश प्रथम स्थान पर है।

## लोक निर्माण मंत्री के निर्देश पर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की हुई जांच

### औचक निरीक्षण के संबंध में वीडियों कॅन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक



**भोपाल।** लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह के निर्देश पर प्रदेश में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिये औचक निरीक्षण की नवीन पहल प्रारंभ की गई हैं। इसके तहत हर माह की 5 और 20 तारीख़ को सॉफ्टवेयर के माध्यम से रैंडम तरीके से चयनित दलों, जिलों, निर्माण कार्यों और सामग्री के सैंपल लेने के स्थानों का औचक निरीक्षण किया जाएगा। इसी क्रम में हाल ही में लोक निर्माण विभाग के सातों परिक्षेत्रों के एक-एक जिले में मुख्य अभियंताओं की टीमों द्वारा निरीक्षण किया गया। प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम, श्री भरत यादव की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की गई। बैठक में निरीक्षण किए गए सात जिलों के 35 निर्माण कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसे सॉफ्टवेयर पर अपलोड कर पोर्टल पर प्रदर्शित किया गया। बैठक में प्रबंध संचालक भवन विकास निगम श्री पंकज जैन, प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग श्री केपीएस राणा, प्रमुख अभियंता श्री एस.आर. बघेल सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं समस्त मुख्य अभियंता उपस्थित रहे। प्रबंध संचालक श्री यादव ने सड़क, भवन और पुल निर्माण कार्यों के निरीक्षण के लिए अलग-अलग चेकलिस्ट तैयार करने के निर्देश दिए। निरीक्षण रिपोर्ट के लिए एक मानक फॉर्मेट तय करने का सुझाव दिया, जिससे निर्माण कार्यों की कमियों और सकारात्मक बिंदुओं को स्पष्ट रूप से दर्शाया जा सके। उन्होंने निर्देश दिये कि निरीक्षण के दौरान लिए गए नमूनों की लैब रिपोर्ट आने के बाद सभी दलों को फाइनल निरीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। समीक्षा बैठक में सिंगपुर-धरमपुर रोड से मझपुरा रोड के निर्माण कार्य में गुणवत्ता में गंभीर कमी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई करते हुए उपयंत्री को निलंबित करने एवं कार्यपालन यंत्री को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने का निर्णय लिया गया।

# सहकार ग्लोबल लिमिटेड नामक कंपनी को रेत उत्खनन मिला ठेका

संभागीय संवाददाता - राजू राय



शहडोल। जिले में सहकार ग्लोबल लिमिटेड नामक कंपनी को रेत उत्खनन का ठेका मिला हुआ है। विचारणीय है कि, यह कंपनी अपनी मनमानी करते हुए वैध की आड़ में अवैध कारोबार संचालित किए हुए है। किसी खनिज माफिया की तरह सहकार ग्लोबल कंपनी के नुमाइंदे खुलेआम भयमुक्त होकर शासन-प्रशासन को अंगूठा दिखा कर सरकार के राजस्व पर सेंध लगा रहे हैं। गौरतलब है कि, जिले में रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन को लेकर प्रशासनिक गंभीरता प्रदर्शित नहीं है। संबंधित मामले में यहां न तो उत्खनन और परिवहन के नियमों का पालन हो रहा और न ही एनजीटी के नियमों और निर्देशों का ही पालन देखने मिल रहा है। नदियों का हाल बेहाल है, धीरे-धीरे नदियों का भौगोलिक स्वरूप भी परिवर्तित होता जा रहा है। जलीय जीव-जंतु विलुप्ति की कगार पर हैं, शायद कुछ तो विलुप्त भी हो चुके हैं। ऐसी स्थिति में पर्यावरण की भी अपूर्णीय क्षति हो चुकी है, जो निरंतर जारी है। बावजूद इसके, रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन सहित माफियाओं पर अंकुश लगाए जाने के विपरीत इस जिले में उन्हें पोषित किए जाने का काम जिम्मेदार बखूबी निभाया जा रहा है।जहां एक और प्रदेश की मोहन सरकार माफियाओं को लेकर सख्ती बरतने की बात कर रही है। वहीं इस जिले में उनके मातहत अधिकारी-कर्मचारी उनके मंशा को धूल चटाते दिखलाई पड़ रहे हैं। उन्होंने जिले के अधिकारियों को मफियाओं के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई किए जाने के निर्देश भले ही दिये हुआ है। लेकिन, जिले में उनके निर्देशों का कितनी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ पालन किया जा रहा है, यह देखना भी अलग बात है। जिले में जब से रेत का ठेका सहकार ग्लोबल लिमिटेड कंपनी को मिला है, तब से ही यह कंपनी विवादों में घिरी है। कभी खनन का अवैध तरीके अपनाने, कभी अपने कारिंदों से सड़कों पर खुलेआम मारपीट कराने से लेकर पीपीपी मोड मैनेजमेंट को लेकर सुर्खियों में है। इसी का लाभ लेते हुए उक्त कंपनी का काला कारोबार सतत रूप से जारी है। प्रशासन की नाक के नीचे किया जा रहा है। बेखौफ तरीके से सोन नदी पर चैन माउंटेन मशीन द्वारा रेत का उत्खनन किया जा रहा है। रेत खदान संचालनकर्ता कंपनी को खनिज रेत का मूल्य एवं अन्य प्रभारित करों को, खदान क्षेत्र में आम जनता के लिये प्रदर्शित किया जाना अनिवार्य है। लेकिन, यहां यह व्यवस्था भी नदारद है। यहां एक बड़ा सवाल यह भी है कि, आखिरकार यहां से निकलने वाली रेत अवैध है या फिर कटने वाली रॉयल्टी टीपी? खैर इसका जवाब तो खनिज विभाग के अधिकारी ही दे सकते हैं। जानकारी के मुताबिक जिस जगह के नाम पर रॉयल्टी टीपी काटी जा रही है, वहां से अन्यत्र स्थान पर यानि कि, तयशुदा लीज से हटकर रेत उत्खनन किया जा रहा है। जहां कंपनी को रेत निकासी का कोई अधिकार ही नहीं है।

## विशेष साइबर जागरूकता अभियान के तहत आयोजित किए गए कार्यक्रम



रोहित तिवारी

शहडोल। पुलिस अधीक्षक शहडोल श्री रामजी श्रीवास्त के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में पुलिस विभाग द्वारा जिले में 11 फरवरी 2025 तक विशेष साइबर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत सोमवार को जिला शहडोल के समस्त थाना क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर आम लोगों को सायबर संबंधी अपराधों के बारे में जानकारी दी गई। शासकीय कार्यालय एवं सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षित इंटरनेट प्रथाओं पर जागरूकता बढाने के लिये क्विज आयोजित किये गए। अभियान के दौरान साइबर अपराधों की पहचान और रोकथाम के विभिन्न उपाय बताये गए। जिसमें ऑनलाइन फ्रॉड, फिशिंग, हैकिंग एवं सोशल मीडिया से संबंधित सुरक्षा टिप्स शामिल है। डिजिटल ट्रांजेक्शन और पासवर्ड सुरक्षा से संबंधित उपाय भी बताये गए। कार्यक्रम में बताया गया कि जिस किसी के साथ भी सायबर संबंधित अपराध हो उसे साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 में शिकायत दर्ज करायें।

## फायलेरिया रोधी दवा का कराया जाएगा सेवन

रिपोर्टर रोहित तिवारी

शहडोल। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा ने जानकारी दी है कि जिले के विकासखण्ड सोहागपुर के सभी ग्रामों में (अर्बन क्षेत्र को छोडकर) सामूहिक रूप फायलेरिया रोधी दवा का सेवन 02 वर्ष से कम आयु के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर शेष सभी को एलबेन्डाजॉल 400 मि.ग्राम एवं डी.ई.सी. 100 मिली ग्राम गोली उम्र अनुसार दवा सेवक के समक्ष में दिनांक 10-02-2025 से 25.02.2025 तक कराया जाना है, जिसमें दिनांक 10.02 2025 से 13.02.2025 तक बूथ में एवं दिनाक 14.02.2025 को मॉप-अप राउण्ड अप एवं दिनांक 17.02.2025 से 25.02.2025 तक छूटे हुये जनसमुदाय को घर-घर भ्रमण कर दवा सेवकों द्वारा दवा सेवन कराया जावेगा।

----------------

## रिपोर्टर रोहित तिवारी शहडोल

शहडोल

- डायवर्शन शुल्क नही जमा करने पर अब प्रशासन करेगा कार्यवाई
- एसडीएम ने 94 लोगो को चिन्हित कर किया नोटिस जारी
- कॉलोनाइजर्स सहित अन्य लोगो जिनके सालो से डायवर्शन शुल्क है बकाया
- एसडीएम ने दिया 15 दिवस का अल्टीमेटम
- चल व अचल संपत्ति से वसूला जाएगा शुल्क

## श्रीराम हेल्थ सेंटर पाली रोड शहडोल ,कम खर्च में बेहतर इलाज

**सेवा ही धर्म और सेवा ही कर्म**

रिपोर्टर रोहित तिवारी

शहडोल। ऐसा ही एक साधु महात्मा कुछ दिनों सनातन सन्देस देते पद यात्रा कर प्रयाग राज कुंभ इस्नान के लिये चल रहे थे जो की शहडोल पहुचे थे 29 जनवरी को औऱ शहडोल बाई पास के पास उनका स्वास्थ्य अचानक से खराब हुआ था कुछ इस्थानीय लोगो ने उन साधु जी को मेडिकल कालेज में भर्ती करवा दिया था पर किसी के पास उन साधु जी कोई जानकारी नही थी और मेडिकल कालेज में ही उपचार के दौरान साधु बाबा न अपनी आखरी सास ली अब बाबा की कोई न होने के कारण वही चौकी में सूचना दे के साधु बाबा के शव को मर्चिरी में रखवा दिया था छ दिनों तक पुलिसकर्मियों ने साधु बाबा के परिजनों की पाता तलास की पर कोई भी सटीक जानकारी नही मिली अतः चौकी से मेरिना टायपिंग के संचालक व समाज सेवी रजिंत बसाक से सपर्क किया गया और घटना की पूरी जानकारी दी गई और रंजीत भैया ने पार्षद सिल्लू रजक व नंदी गौ सेवा में दी गई सिल्लू भैया व टीम नंदी से विकास जोतवानी व चौकी से रु द्रु भैरव सिंह रजिंत बसाक भैया की शव वाहन से मेडिकल कालेज से साधु बाबा का शव को उठवा कर पाली रोड़ आकाश वाड़ी के सामने बने सांति धाम लाया गया जहाँ नगर पालिका की जे सी बी से गड्ढा खोदवा कर साधु बाबा के शव का पूजा सत्कार कर फूल माला पीताबंरी पहना दान कर साधु बाबा के शव का अंतिम समाधी दी गई इस नेक कार्य के लिये नंदी गौ सेवा सभी सेवादारो समाज सेवी का आभार व्यक्त करती है नमन करती है और ईश्वर से प्राथना करती है की साधु बाबा की आत्मा को अपने श्री चरणों।

## जुआ फड से 3 बाइक, 6 मोबाइल सहित 81 हजार जप्त 7 जुआड़ियों पर हुई कार्यवाही



अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ

अनूपपुर /रामनगर। जिले के रामनगर थाना प्रभारी सुमित कौशिक को सूचना मिली कि ग्राम टांकी के लोहरान तालाब के नीचे कोड़ा रोड़ के चगत के जंगल में बरिन्द्र मिश्रा पिता पारसनाथ उम्र 38 वर्ष निवासी वार्ड क्र0 08 पसान भालूमाडा, राजेश यादव पिता तारा यादव उम्र 30 वर्ष निवासी वार्ड क्र0 पुलिस लाईन शहडोल, राजेश शुक्ला पिता अवेश शुक्ला उम्र 40 वर्ष निवासी वार्ड कं0 06 पुरानी बस्ती कोतमा, संजीव उपाध्याय पिता महेश शर्मा उम्र 30 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 04 बनिया टोला कोतमा, इन्द्रजीत जयसवाल पिता जियालाल जयसवाल उम्र 35 वर्ष निवासी वार्ड 20, सोहागपुर शहडोल, राजीव राय पिता स्व. गुरूप्रसाद राय उम्र 38 वर्ष निवासी राममंदिर मलगा, कमलेश गुप्ता पिता रमेश गुप्ता उम्र 39 वर्ष निवासी वार्ड क0 05 पुरानी बस्ती कोतमा के फड़ तथा पास से कुल नगदी 81.140 रूपये तथा तास के 52 पत्ते एवं आरोपियों के कब्जे से 06 नग एंड्रायड मोबाइल कीमती 70 हजार रूपये व 03 नग मोटर सायकल कीमती 60 हजार रूपये कुल कीमत 2 लाख 11 हजार 140 रुपए जप्त किया गया व आरोपीगणो के विरूद्ध थाना रामनगर में अपराध क्र0 32/25 धारा 13 जुआ एक्ट की कार्यवाही की गई।

## कल्याणी वेलफेयर सोसाइटी एवं समाज सेवी पार्षद सिल्लू रजक के द्वारा जिला जेल में नेत्र शिविर लगाकर कराया बंदियों के नेत्र परीक्षण।

रिपोर्टर रोहित तिवारी

शहडोल। जिला जेल में निरुद्ध बंदियों की आंखों की जांच के लिए दो दिवसीय शिविर दिनांक 02 एवं 04 जनवरी को नेत्र परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। कल्याणी वेलफेयर सोसायटी के सौजन्य से आयोजित शिविर में आँखों की निःशुल्क जांच कर सेफ्टी के टिप्स दिए। कल्याणी वेलफेयर सोसायटी की अध्यक्ष कल्याणी वाजपेयी और समाजसेवी सिल्लू रजक (पार्षद वार्ड 19) की पहल पर जाँच शिविर में सभी बंदियों ने भाग लिया। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. आरती ताम्रकार ने 250 लोगों की जांच की जिसमे 40 लोगों को दूर और पास दिखाई देने की समस्या होने पर चश्मा प्रदान कर हनुमान चालीसा एवं दुर्गा चालीसा वितरण किया गय। और चार निरूद्ध बंदियो को मोतियाबिंद के लक्षण होने पर शीघ्र ही आपरेशन करने का परामर्श दिया गया। उन्हें ऑपरेशन के लिए कहा गया तथा जिला चिकित्सालय में व्यवस्था अनुसार शीघ्र ही आपरेशन किया जायेगा। पार्षद सिल्लू रजक द्वारा चर्चा करने पर डॉ. आरती ताम्रकार ने बताया कि ज्यादातर लोगों में मौसम की वजह से आंखों में होने वाली समस्या देखने को मिलती है। सभी को उचित परामर्श के साथ जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क चश्मे और दवाइयां दी जायेगी। जिला जेल में आयोजित दो दिवसीय शिविर में कल्याणी वाजपेयी जी (अध्यक्ष, कल्याणी वेलफेयर सोसायटी, शहडोल), समाजसेवी सिल्लू रजक (पार्षद), स्वास्थ्य विभाग की टीम डा. आरती ताम्रकार, डॉ गरिमा धुर्वे राजेश कनौजिया रमाकांत पटेल, रंगनाथ मिश्र, जिला जेल के जेलर भास्कर जी पांडेय उप जेलर सुनील वेशवाने जी आदि उपस्थित रहे।

## 3 वनपाल एवं 7 वनरक्षक को डीएफओ ने स्टार लगाकर कियां पदोन्नत

अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ



अनूपपुर। मध्यप्रदेश के शासन वनविभाग द्वारा जारी आदेशानुसार अनूपपुर वन मंडल के तीन वनपालो को कार्यवाहक उप वन क्षेत्रपाल तथा 7 वनरक्षकों को कार्यवाहक वनपाल के पद पर पदोन्नति किए जाने के आदेश पर अनूपपुर वन मंडलाधिकारी विपिन कुमार पटेल ने वन मंडल कार्यालय में मंगलवार को सभी पदोन्नत कर्मचारियों को स्टार लगाकर अलंकृत करते हुए पदोन्नत किया। विदित है कि मध्यप्रदेश शासन के वनविभाग मंत्रालय द्वारा जारी आदेशानुसार अजय कुमार पांडेय वन संरक्षक वन वृत शहडोल ने अनूपपुर वन मंडल में रिक्त पदों के अनुसार तीन वनपाल रिचर्ड रेगी राव,भारत सिंह श्याम एवं महिपाल सिंह को वनपाल से कार्यवाहक उप वन क्षेत्रपाल तथा सात वनरक्षको संपत सिंह धुर्वे,चरण सिंह मार्को,भारतदास सोनवानी,प्रीतम सिंह राणा,अभिलाष सोनी,रमाकांत पटेल एवं जगत सिंह मसराम को वनरक्षक पद से कार्यवाहक वनपाल के पद पर पदोन्नत होने पर अनूपपुर वन मंडलाधिकारी विपिन कुमार पटेल के द्वारा मंगलवार की दोपहर वन मंडल कार्यालय अनूपपुर मे स्टार लगाकर अलंकृत करते हुए पदोन्नत किया। इस दौरान वन मंडलाधिकारी श्री पटेल ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी सौपे गए दायित्वो को निष्ठा पूर्वक निभाने का प्रयास करेंगे उन्होंने कहा कि क्षेत्र के वन अधिकारी/कर्मचारी अपने शासकीय दायित्वो तथा व्यक्तिगत कार्यो दौरान मोटरसाइकिल से आवागमन करने दौरान हेलमेट का अनिवार्य तौर पर लगा कर ही आवागमन करें ताकि किसी भी दुर्घटना से बचा जा सके इस दौरान मुख्यलिपिक महेंद्रकुमार द्विवेदी वन परिक्षेत्र अधिकारी अनूपपुर स्वर्णगौरव सिंह प्रमुख रूप से सम्मिलित रहे हैं।

# पीआरटी नर्सिंग के छात्र-छात्राएं ग्वालियर में ले रहीं मेंटल क्लिनिकल ट्रेनिंग, सेवा क्षेत्र में निखार रहे अपना हुनर

**अनूप गुप्ता अनुपपुर/ अनूपपुर।** जिला मुख्यालय में संचालित पंडित रामगोपाल तिवारी कॉलेज ऑफ नर्सिंग नर्सिंग की छात्र-छात्राएं मानसिक आरोग्यशाला ग्वालियर में अपनी ट्रेनिंग ले रहे हैं और अपनी उत्तम सेवा प्रदान कर रहे है। चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए महाविद्यालय के विद्यार्थियों का मानसिक आरोग्यशाला ग्वालियर में क्लीनिकल प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ, मानसिक आरोग्यशाला ग्वालियर में अनुशासित ढंग से जहाँ हॉस्पिटल के मैट्रन के निर्देशों का पालन करते हुए नर्सिंग के विद्यार्थियों को अस्पताल में प्रतिदिन किए



जाने वाले कार्य और कार्य के दौरान अनुसरण किए जाने वाले अनुशासन और अस्पताल के विषय में अवगत कराया। मानसिक आरोग्यशाला ग्वालियर के प्रमुख द्वार के सामने बहुत ही अनुशासित ढंग से विद्यार्थियों को अस्पताल और मरीज के प्रति उनके दायित्वों, कर्तव्यों और अनुशासन के विषय में बताया गया तत्पश्चात विद्यार्थी को विविध वार्डों में जाकर के वार्ड और वार्ड के मरीजों से मिलाया गया। तत्पश्चात विद्यार्थी का क्लीनिकल प्रशिक्षण प्रारम्भ हुआ। विद्यार्थियों के सहयोग के लिए आज महाविद्यालय के प्रबंधक विजय तिवारी, प्राध्यापक रणविजय शाही, दोहिता अस्पताल में रही।

# श्री नर्मदे हर सेवा न्यास ने संयुक्त रूप से नर्मदा जयंती महोत्सव का किया भव्य आयोजन, लोकसंस्कृति, आस्था का अनूठा संगम









**अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर**

अनूपपुर/ अमरकंटक। पवित्र नगरी अमरकंटक में पुण्यसलिला मां नर्मदा के पावन जन्मोत्सव पर्व पर श्री नर्मदे हर सेवा न्यास के तत्वावधान में तीन दिवसीय नर्मदा जयंती महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। 3 फरवरी से 5 फरवरी तक चले इस उत्सव में धार्मिक, सांस्कृतिक और लोककला से जुड़े कार्यक्रमों ने लोगों को भाव-विभोर कर दिया। महोत्सव के मुख्य आकर्षणों में रामघाट मैदान पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोकगीत और लोकनृत्य प्रतियोगिता प्रमुख रहे। अमरकंटक के पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कल्याणिका केंद्रीय शिक्षा निकेतन, पीएमश्री नवोदय विद्यालय, सरस्वती शिशु विद्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं मां कल्याणिका पब्लिक स्कूल पेंड्रा के छात्र-छात्राओं ने इस कार्यक्रम में भाग लिया और अपनी शानदार प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि हिमाद्रि मुनि महाराज प्रबंध न्यासी श्री कल्याण सेवा आश्रम अमरकंटक एवं कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल (कैबिनेट मंत्री दर्जा) ने समस्त प्रतिभागियों को प्रोत्साहन राशि एवं सांत्वना पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। लोकनृत्य प्रतियोगिता में कल्याणिका केंद्रीय विद्यालय अमरकंटक ने प्रथम स्थान, सरस्वती जनजातीय वनवासी छात्रावास ने द्वितीय स्थान और मां शारदा शक्ति कन्यापीठ ने तृतीय स्थान प्राप्त कर सम्मान अर्जित किया।

तीन दिवसीय महोत्सव के दौरान 3 फरवरी को सुप्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी गायक नीलकमल वैष्णव की लोकगीत संध्या ने श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। 4 फरवरी को मंदिर प्रांगण में भव्य नर्मदा पूजन एवं हवन का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। 5 फरवरी को लोकगीत एवं नृत्य प्रतियोगिताओं के साथ आयोजन का भव्य समापन हुआ। अमरकंटक महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न जिलों से आए लोककला समूहों और कलाकारों ने भी अपनी अनुपम प्रस्तुतियों और प्रदर्शनी से दर्शकों का मन मोह लिया। प्रदर्शनी में पहुंचे आगंतुकों को भी विशेष अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। नर्मदा सेवा न्यास प्रतिवर्ष इस पावन अवसर पर भव्य आयोजन करता है, जो आस्था, संस्कृति और लोककला का अद्भुत संगम प्रस्तुत करता है। इस वर्ष भी हजारों श्रद्धालुओं और कलाकारों की उपस्थिति ने इस आयोजन को विशेष बना दिया। आयोजन समिति ने सभी प्रतिभागियों, आगंतुकों और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए अगले वर्ष और भी भव्य उत्सव आयोजित करने का संकल्प लिया।

# फिर एक ट्रक जप्त, कोयले का हो रहा कारोबार पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पर भी दर्ज हो चुका मामला

**संभागीय संवाददाता - राजू राय**

शहडोल। बुढ़ार पुलिस ने कोयले का अवैध परिवहन करते फिर एक ट्रक को जप्त कर 7 लोगों पर मामला दर्ज किया है, पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि वह शहडोल और अनुपपुर जिले की सीमा पर स्थित बकही अवैध खदान से कोयला लोड कर आ रहे थे, तभी पुलिस ने वाहन को जप्त किया। ट्रक में 26 टन कोयला लोड है। कुल मसरूका 20 लाख का बताया जा रहा है। लगातार अनूपपुर और शहडोल की सीमा पर स्थित बकही अवैध कोयला खदान से लगातार कोयले की तस्करी की जा रही है, दिनदहाड़े कोयले का उत्खनन माफियो के द्वारा कराया जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि अमलाई पुलिस की मिली भगत से यह काला कारोबार माफिया बेखौफ होकर कर रहे हैं । इस अवैध खदान में खनिज विभाग ने भी अब तक कोई कार्यवाही नहीं की है। बकही अवैध खदान से कोयले का



अवैध परिवहन किया गया जिसमें दो वाहनों को बुढ़ार पुलिस ने दो दिनो के भीतर ही जप्त किया,चचाई थाने से होकर कोयल का वाहन निकाला और अमलाई होते हुए धनपुरी थाने को क्रॉस कर वह आगे बढ़ गया ,तभी बुढ़ार पुलिस ने वाहन को जप्त कर लिया है। बुढ़ार पुलिस ने तीनों दिनो में दो वाहनों को जप्त किया है जिसमें अवैध कोयला बरामद किया गया। बताया गया की सुबह बुढ़ार पुलिस ने धर्मकांटा के पास दबिश देकर ट्रक क्रमांक एमपी 18 जीए 2883 को जब्त किया, जिसमें 26 टन से अधिक कोयला लोड था, कोयला सतना के लिए बिना टीपी नंबर के भेजा जा रहा था। पुलिस ने चालक जितेन्द्र कुशवाहा, वाहन मालिक जितेन्द्र गुप्ता, अमर प्रेम रोड वेज के मुनीम अनिल शर्मा एवं मशीन से कोयला लोड करने वाले चालक साहिद खान पर खनिज अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। ज्ञात हो की 23 जनवरी को ब्यौहारी पुलिस ने कोयले का अवैध परिवहन करते एक ट्रक को जप्त किया था जिसमें पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि वह यह कोयला बकही अवैध खदान से लोड कर लाए हुए थे।ब्यौहारी पुलिस ने वाहन मालिक पंडित किशोरी लाल चतुर्वेदी पर भी मामला दर्ज किया था, श्री चतुर्वेदी पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष रह चुके हैं, और भाजपा के पुराने नेता है। बुढ़ार पुलिस ने तीन दिनों के भीतर यह दूसरी कार्यवाही की है, 31 जनवरी को भी पुलिस ने रुंगटा तिराहे में दबिश देकर कोयले का अवैध परिवहन करते मिनी ट्रक को जप्त किया था, जिसमें 5 लाख का कोयला बरामद किया गया था। अनूपपुर खनिज इंस्पेक्टर इशा वर्मा से जब इस संबंध में बात की गई तो उन्होंने कहा कि हमने एक माह पर्व बकही अवैध कोयला खदान में दबिश दी थी और अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध थाना चचाई में अपराध दर्ज करवाया गया था। शिकायत आ रही है कि वहां से कोयला अभी भी निकाला जा रहा है हम कार्रवाई करेंगे।

# बाबा हंसराज रघुवंशी की भक्तिमय गीतों के सुरो में झूमे श्रद्धालु एवं श्रोता

- बाबा हंसराज रघुवंशी के ओजस्वी भक्तिमय गीतों से रुका समय का पहिया
- बाबा हंसराज रघुवंशी द्वारा नर्मदा अमरकंटक महोत्सव पर दी गई सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति

**रिपोर्टर रोहित तिवारी**

शहडोल। अमरकंटक नर्मदा महोत्सव-2025 के द्वितीय दिन नर्मदा प्रकोटत्सव के अवसर पर सुप्रसिद्ध गायक बाबा श्री हंसराज रघुवंशी द्वारा अमरकंटक मेला ग्राउंड में रंगारंग सांस्कृतिक संध्या में अलग ही जान डाल दी। बाबा हंसराज रघुवंशी ने सुरों की शक्ति से सभी आगंतुकों को अवगत कराया। सुरमयी गीत एवं भजनों के साथ संगीत के मिश्रण ने ऐसा रंग जमाया की कुछ समय के लिए समय का पहिया रुक गया। सारी चिंता छोड़कर श्रोतागण संगीत के सुरमयी धारा में बाबा श्री हंसराज रघुवंशी के साथ हो लिए। जिनकी भक्ति में गीतों के सुरों में लोग झूम उठे। बाबा श्री हंसराज रघुवंशी ने भोले शंकर शिव शंभु से ओतप्रोत भक्तिमय गीतों की प्रस्तुति दी। जिसमें जय शिव शंभू.., राधे राधे..., शिव समा रहे मुझमें.., लगी तो तुमसे लगन मेरे शंकरा..., मेरा भोला है भंडारी...., शिव कैलाश के वासी...जैसे मनभावन भक्ति गीतों से लोगों का मंत्रमुग्ध कर दिया।

**बाबा रघुवंशी के ओजस्वी प्रस्तुति ने दर्शकों को किया कायल:** ख्याति प्राप्त सुप्रसिद्ध गायक श्री हंसराज रघुवंशी के ओजस्वी प्रस्तुति ने दर्शकों को कायल कर दिया। सभी दर्शकों, युवाओं से लेकर बुजुर्गों को अपना कायल बना दिया। कोई उनके ओजस्वी एवं प्रभावी प्रस्तुति की तारीफ कर रहा था, तो कोई आशीर्वाद दे रहा था। उनकी भक्तिमय गीतों ने भगवान शंकर के प्रति आस्था एवं समर्पण से अवगत कराया।

**अमरकंटक का प्राकृतिक सौंदर्य अद्भुत एवं अविस्मरणीय:** विश्व ख्याति प्राप्त सुप्रसिद्ध गायक बाबा श्री हंसराज रघुवंशी ने कार्यक्रम समापन के दौरान कहा कि पर्यटन एवं धार्मिक नगरी अमरकंटक का प्राकृतिक सौंदर्य अविस्मरणीय है। उन्हें अमरकंटक आकर बहुत अच्छा लगा और वह बार-बार अमरकंटक आना चाहेंगे। उन्होंने कहा कि अमरकंटक का जलवायु, वातावरण, प्राकृतिक सौंदर्य, नर्मदा मंदिर, सघन वन तथा नदिया अद्भुत एवं अविस्मरणीय है। अमरकंटक में बिताया गया हर क्षण मेरे लिए सदैव सुखद स्मृतियों में रहेगा।

**सुप्रसिद्ध गायक बाबा श्री हंसराज रघुवंशी का किया गया स्वागत:** कार्यक्रम के दौरान सुप्रसिद्ध गायक बाबा हंसराज रघुवंशी का मध्य प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग (राज्य मंत्री) स्वतंत्र प्रभार श्री दिलीप जायसवाल, मध्य प्रदेश कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री रामलाल रौतेल, कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता, कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली, पुलिस अधीक्षक श्री मोतीउर रहमान, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री तन्मय वशिष्ठ शर्मा, जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के पूर्व अध्यक्ष श्री हीरा सिंह श्याम ने जनजातीय कला की परंपरागत गोंडी पेंटिंग भेंट किया तथा पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया। इसी प्रकार कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालु एवं लोगों ने तालियों की करतल ध्वनि से बाबा श्री हंसराज रघुवंशी का स्वागत किया। कार्यक्रम में अपार जनसंख्या समूह का सैलाब उमड़ा।

# महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में निकलेगी महाकाल की शाही सवारी

## शिव मारुति सेवा समिति एवं महाकाल दरबार सेवा समिति सामतपुर करेगी कार्यक्रम आयोजित



**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**

अनूपपुर। पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी शिव मारुति सेवा समिति एवं महाकाल दरबार सेवा समिति सामतपुर द्वारा संयुक्त रूप से 26 फ़रवरी को महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में महाकाल दरबार समिति अनूपपुर द्वारा बाबा महाकाल की भव्य शाही सवारी पालकी में सवार होकर संपूर्ण अनूपपुर नगर में भ्रमण करेंगी।महाकाल की भव्य सवारी शिव मारुति मंदिर सामतपुर से निकाली जाएगी।इसके साथ में हरिद्वार के अँघोरियों द्वारा अखाड़ा भी किया जाएगा जिससे नगर के लोगो में काफ़ी उत्साह व्याप्त है।समिति द्वारा सभी भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की गई है।महाकाल की सवारी हनुमान मंदिर सामतपुर मंदिर से निकल कर बस स्टैंड,बाज़ार स्टेशन चौक,रामजनकी मंदिर होते हुए वापस बस स्टैंड आएगी।उक्त आयोजन दिवस पर रायपुर शहर के कलाकारों द्वारा लाइव ऑकेस्ट्रा का कार्यक्रम आयोजित किया गया है।तत्पश्चात शिव शक्ति मिलन के बाद सवारी अपने मार्ग में वापस प्रस्थान करेंगी।

# नक्सली डंप बरामद करने में लांजी पुलिस को मिली बढ़ी सफलता

ज्ञानचन्दशर्माबालाघाट। जिले के लांजी थानांतर्गत प्रतिबंधित संगठन भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी (माओवादी) के मलाजखंड टांडा संयुक्त एरिया कमेटी के नक्सल सदस्यो द्वारा अवैध शस्त्र एवम् गोला बारूद के दम पर शासन एवम् कानून के विरुद्ध लगातार अपनी गतिविधियां संचालित करते हुए पुलिस मुखबिर की हत्या करने एवम् पुलिस बल को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से काफी मात्रा में नक्सल प्रचार प्रसार सामग्री व विस्फोटक पदार्थ आई. ई. डी. बनाने की सामग्री का संग्रहण कर जंगल में विभिन्न स्थानों पर गड़ाकर(छुपाकर) रखा गया है।2 फरवरी को सूचना प्राप्त होने पर नक्सल विरोधी अभियान के तहत् बिलालकसा जंगल छेत्र में सर्चिंग एरिया डोमिनेशन की कार्यवाही हेतू हॉकफोर्स एवम् बिडीडीएस टीम सर्चिंग पर रवाना हुई। सर्चिंग के दौरान ग्राम आलीटोला माहुरदल्ही जंगल छेत्र में कुछ जमीन उठी हुई दिखी जो शंकास्पद होने पर बिडीडीएस टीम एवम् हॉकफोर्स द्वारा चेक करने पर संदिग्ध सामग्री दिखाई दी। जिसमें प्रिंटिंग मशीन का सामान, बैटरी, डाटा केबल, इंक, प्रिंटिंग पेज, नक्सल साहित्य एवम् अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुएं मिली। उक्त सामग्री प्रतिबंधित भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी (माओवादी) के मलाजखंड टांडा संयुक्त एरिया कमेटी के सदस्य नक्सलियों द्वारा सरकार की नीतियों का नकारात्मक प्रचार कर अपनी माओवादी विचारधारा का प्रचार प्रसार करते हुए स्थानीय लोगों को भड़काने के आशय से नक्सल साहित्य आदि सामग्री जमीन में गड्ढा खोदकर डंप किए जाने पर थाना लांजी में अपराध पंजीबद्ध कर सम्पूर्ण छेत्र में गहन सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा हैं।

# सरपंच के विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई का प्रस्ताव

## डोंगरमाली पंचायत मामले मे विभाग का एक्शन

ज्ञान चन्द शर्मा/बालाघाट। वारासिवनी जनपद की डोगरमाली पंचायत मे 3मई से सरपंच नही है मादक पदार्थ विक्रय के मामले मे जेल मे है हैरान करने वाली बात यह है कि सात माह बाद भी इस पंचायत मे विभाग और प्रशासन सरपंच की व्यवस्था नही दे पाया था 11 दिसंबर को जिला पंचायत मे सामान्य सभा की बैठक मे मामला सामने आने के बाद विभाग हरकत मे आया जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ ने इसे संज्ञान मे लेकर जनपद सीईओ वारासिवनी से पंचायत अधिनियम के तहत कार्रवाई करने संबंधी प्रस्ताव मागा था जिसके आधार जनपद सीईओ दीक्षा जैन ने धारा 39 के तहत कार्रवाई करने के लिए प्रस्ताव भेजा था जिसके परिपेक्ष्य मे जिला पंचायत सीईओ ने विहित अधिकारी एसडीएम आर आर पांडे की कार्रवाई के लिए पत्र भेजा है विभाग के एक्शन के बाद अब एसडीएम ने नियमो का अवलोकन शुरु कर दिया है

## इनका कहना है

जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ द्वारा डोगरमाली पंचायत मे सरपंच के विरुद्ध धारा39 के तहत कार्रवाई करने संबंधी प्रस्ताव भेजा है इसमे उल्लेखित अपराधिक कृत्यो से जुडी धाराओ का अवलोकन किया जा रहा है जिसके तहत कार्रवाई की जानी है प्रारंभिक कार्रवाई मे सरपंच को नोटिस जारी कर जवाब मांगा जाएगा इसके उपरांत निलंबन की कार्रवाई की जाएगी

आर आर पांडे एसडीएम वारासिवनी

# राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ

ज्ञानचन्दशर्मा/बालाघाट कटंगी। आज दोपहर 12बजे ग्राम पौनिया में किसान की 80 डिसमिल जमीन पर मैंगनीज खदान मालिक एवं माफिया द्वारा जबरन कब्जा कर करोड़ों रुपए के मैंगनीज उत्खनन किये जाने के विरोध में भूमि स्वामी द्वारा आमरण अनशन किया जा रहा है स्थल पर पदाधिकारियों द्वारा पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया गया तत्पश्चात एस डी एम महोदय कटंगी से आफिस में मुलाकात कर विस्तृत चर्चा की गई उन्होंने तहसीलदार तिरोड़ी व थाना प्रभारी तिरोड़ी को आमरण अनशन स्थल पर फौरन भेजा गया व जायजा लिया गया ।

# माँ सरस्वती जयंती एवं बसंत पंचमी पर विशेष पूजा की गई



शाहगंज। समृद्धि कोचिंग क्लास शाहगंज में छात्राओं द्वारा बसंत पंचमी के अवसर पर माँ सरस्वती की विशेष पूजा कर बसंत पंचमी मनाई गई इस बसंत पंचमी की पूजा में कोचिंग संचालक सहित छात्रों में कुमारी मेघा, सुनीता, पूनम, मुस्कान, ममता, अलफिया, खुशी, मोनिका , निवेदिका, मयंक यादव , भूमिका, निमिषा, पायल, रितेश, पूर्णिमा, क्रांति एवं अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित होकर पूजन कर मंत्र उच्चारण किया।

# सीनियर बालक छात्रावास में हर्षोल्लास के साथ मनाया विदाई(सम्मान) समारोह।

**हल्केवीर सूर्यवंशी, संभागीय पत्रकार**






उदयपुरा। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शासकीय सीनियर उत्कृष्ट बालक छात्रावास उदयपुरा में विदाई (सम्मान) समारोह का आयोजन किया गया जिसमें छोटे भाईयों ने बड़े भाईयों के प्रति कार्यक्रम का आयोजन किया। सभी बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जिसमें उन्होंने नाटक(शिक्षा का महत्व बुंदेली भाषा में), डांस, गाने, और शायरी कही जिसमें कार्यक्रम में शामिल अतिथियों ने उनके कार्यक्रम को देख कर उनका सम्मान किया। विदाई दे रहे बच्चों को भी सम्मान स्वरूप पुरस्कृत किया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई साथ ही सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ उनका मार्गदर्शन किया सभी ने बारी बारी से अपनी बात रखी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित बड़े वर्मा जी अध्यक्ष पेंशनर्स एसोसिएशन, श्री बैजनाथ इमने जी छात्रावास अधीक्षक, श्री संजू चौहान जी अधीक्षक कन्या छात्रावास, श्री जितेंद्र धाकड़ अधीक्षक जनजाति छात्रावास, श्री विनोद मरकाम जी संकुल सह समन्वयक, श्री व्यास जी अधीक्षक सिलवानी छात्रावास, श्री भारत छिपा शिक्षक, श्री आर आई सर, रमन बामने जी वरिष्ठ समाजसेवी, श्री हेमराज अहिरवार पोस्टमैन, श्री जसवंत सिंह पोस्टमैन, श्री आशुतोष इमने सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर, श्री साहिल शर्मा बुंदेली रैपर, श्री नीरज अहिरवार, श्री मथुरा प्रसाद कर्मचारी छात्रावास, श्री लोकेश कुशवाहा, श्री सत्यनारायण, श्रीमती सावित्री बाई, श्रीमती ममता बाई, श्रीमती नीता ओर सभी छात्रों में विजय, मनोहर, नीलेश, अनिल, मोनू, सौरव, अरमान जिनके लिए विदाई समारोह आयोजित किया ह्र अंशुल अहिरवार, अतुल अहिरवार, कपिल, हेमंत, नीलेश, लवकुश, इंद्रपाल, आकाश, अतुल मेहरा। अंत में छात्रावास अधीक्षक श्री बैजनाथ इमने जी ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया और सभी सच्चों को मार्गदर्शन दिया । मंच का कुशल संचालन हल्केवीर सूर्यवंशी ने किया ।

# प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अन्तर्गत आवास प्लस की सूची में सेल्फ सर्वे के लिए जॉब कार्ड वेरीफाई की अनिवार्यता को समाप्त किये जाने के संबंध परिसंघ ने शासन को लिखा पत्र

मीडिया रिपोर्ट में दलित ओबीसी माइनॉरिटी एवं आदिवासी संगठनों के संगठन परिसंघ के सोशल मीडिया विभाग के संयोजक इंजीनियर राहुल अहिरवार ने अवगत कराया कि माननीय प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को सेल्फ सर्वे की सुविधा प्रदान की गई है, हितग्राही सर्वे तो कर पा रहे हैं लेकिन जॉब कार्ड वेरीफाई में तकनीकी समस्या का सामना कर रहे है,जिसका मुख्य कारण जॉब कार्ड में आधार कार्ड लिंक न होना, जॉब कार्ड डिलीटेड होना एवं जॉब कार्ड इनएक्टिव होना जैसी समस्याओं को देखते हुए जॉब कार्ड वेरीफाई नहीं हो पा रहे हैं,जब तक जॉब कार्ड वेरीफाई नहीं होंगे तब तक हितग्राही अपनी सर्वे पोर्टल पर अपलोड नहीं पाएंगे तथा सर्वे की अंतिम तिथि 31 मार्च रखी गई है,माननीय प्रधानमंत्री एवं माननीय मुख्यमंत्री जी का सपना है,कि सभी पात्र हितग्राहियों को ज्यादा से ज्यादा प्रधानमंत्री आवास का लाभ मिले, इसी संबंध में इंजीनियर राहुल अहिरवार संयोजक आई टी परिसंघ ने मध्यप्रदेश के संपूर्ण ग्रामीण अंचल के ग्रामवासियों के हित में माननीय मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन एवं श्रीमान आयुक्त पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मध्यप्रदेश शासन एवं संचालक प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण




विकास आयुक्त कार्यालय भोपाल को पत्र लिखा और सेल्फ सर्वे में होने वाली अनिवार्य जॉब कार्ड वेरीफाई तकनीकी समस्या के तत्काल निराकरण हेतु मांग की संयोजक आईटी इंजीनियर राहुल अहिरवार ने शासन से गुजारिश की वर्तमान सर्वे को केवल आधार कार्ड वेरीफाई तक सीमित रखा जाए, जिससे अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों की सर्वे हो पाए, ओर पोर्टल पर संपूर्ण सर्वे अपलोड हो सके, अगर वर्तमान में प्रधानमंत्री आवास पोर्टल के पावर बीआई में सर्वे को देखा जाए तो वर्तमान में सर्वे न के बराबर है।

# विकास के नाम पर जल, जंगल, जमीन, आजीविका और पर्यावरण की लूट के खिलाफ एकजुट हुए जनसंघर्षों के प्रतिनिधि






## 15 सदस्यीय भोपाल समर्थक समूह का गठन

विजय कुमार
जन संघर्ष समन्वय समिति मध्यप्रदेश

भोपाल। मध्य प्रदेश में विकास के नाम पर हो रहे विस्थापन और पर्यावरण विनाश के खिलाफ चल रहे विभिन्न जन संघर्षों के बीच समन्वय स्थापित करने के लिए 28 जनवरी को हिंदी भवन, भोपाल में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। सामाजिक कार्यकर्ता अतर सिंह भारतीय ने बताया कि जन संघर्ष समन्वय समिति मध्यप्रदेश और क्लाइमेट जस्टिस मुहिम (ष्ठ्रु) भोपाल द्वारा आयोजित इस एक दिवसीय बैठक में प्रदेश के 17 विभिन्न जन संघर्षों का प्रतिनिधित्व करने वाले 50 से अधिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता मध्यप्रदेश के बघेलखंड क्षेत्र में विभिन्न जन संघर्षों को नेत्रत्व देने वाले वरिष्ठ साथी नेता उमेश तिवारी ने की। बैठक में दिल्ली से आए प्रख्यात पर्यावरणविद सौम्या दत्ता की मौजूदगी उल्लेखनीय थी, वहीं कार्यक्रम का संचालन विजय कुमार और आभार राजेश कुमार ने किया। बैठक में कोयला खदानों से प्रभावित क्षेत्रों के आदिवासी नेता, बड़े बांधों से विस्थापित होने वाले किसान, टाइगर रिजर्व के कारण अपनी जमीन खोने के कगार पर खड़े ग्रामीण और खनन परियोजनाओं से जूझ रहे स्थानीय समुदायों के प्रतिनिधि शामिल थे। इन सभी ने अपने क्षेत्रों में चल रहे संघर्षों के अनुभव और जरूरतों को साझा किया।




बैठक में शामिल प्रतिनिधियों ने बताया कि कथित विकास परियोजनाओं के कारण हजारों लोगों को जबरन विस्थापित किया गया है, आंकड़े बताते हैं कि प्रदेश में पिछले पांच वर्षों में लगभग 50,000 परिवार विभिन्न विकास परियोजनाओं के कारण विस्थापित हुए हैं। इनमें से अधिकांश को उचित मुआवजा या पुनर्वास नहीं मिला है। प्रतिनिधियों ने एक स्वर में कहा कि वर्तमान विकास मॉडल के कारण स्थानीय समुदायों को जल, जंगल और जमीन से जबरन विस्थापित किया जा रहा है, जिससे न केवल उनकी आजीविका प्रभावित हो रही है बल्कि बड़े पैमाने पर पर्यावरण का भी विनाश हो रहा है। हम सभी को एकदूसरे से सीखते हुए अपने संघर्षों को मजबूत करने और मौजूदा विनाशकारी विकास के मॉडल को चुनौती देने की अवश्यकता है। प्रतिनिधियों ने कहा कि मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार जनसंघर्षों को कुचलने और साम्प्रदायिक आधार पर विभाजित करने के प्रयास कर रही है, इसके खिलाफ अपनी एकता को मजबूती देने की आवश्यकता हैं। अतर सिंह भारतीय ने आगे बताया कि बैठक में 15 सदस्यीय भोपाल समर्थक समूह का गठन किया गया जिसमें वकील, पत्रकार, तकनीकी विशेषज्ञ और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हैं। यह समूह संघर्षरत समुदायों को समर्थन, तकनीकी, कानूनी और वैचारिक सहयोग देगा। अगले तीन महीनों में प्रदेश के सभी छोटे-बड़े संघर्षों की पहचान कर उन्हें जन संघर्ष समन्वय समिति से जोड़ा जाएगा। इसी प्रकार हर छह महीने में समन्वय समिति की बैठक आयोजित कर संघर्षों की प्रगति और चुनौतियों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में भाजपा सरकार की ÷कारपोरेट-परस्त नीतियों÷ और साम्प्रदायिक विभाजन की राजनीति को खारिज करते हुए आम जनता को एकजुट करने का संकल्प लिया गया। बैठक में दिल्ली से आए सौम्या दत्ता ने जलवायु संकट पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले दस वर्षों में मानव सभ्यता ने सबसे गर्म वर्षों का सामना किया है, जो मौजूदा विकास मॉडल की विफलता को दर्शाता है। उन्होने कहा कि जलवायु संकट से निपटने के लिए विकास की वर्तमान अवधारणा को बदलना होगा। कारपोरेट कंपनियों की लूट को सुगम बनाने के लिए मौजूदा सरकार बड़े पैमाने पर पर्यावरणीय क़ानूनों में परिवर्तन कर रही है। मौजूदा सरकार एक तरफ अंतराष्ट्रीय मंचों पर कार्बन उत्सर्जन को कम करने का दावा कर रही है वही दूसरी तरफ अपने कारपोरेट मित्रों अडाणी-अंबानी को बड़े पैमाने पर कोयला एवं अन्य जीवाश्म ईंधन के खनन का लाइसेन्स जारी कर रही है। उन्होने कहा कि हमें विकास का एक ऐसा वैकल्पिक मॉडल चाहिए, जो पर्यावरण के अनुकूल हो और स्थानीय समुदायों के हितों की रक्षा करे। बैठक की अध्यक्षता कर रहे उमेश तिवारी ने कहा कि विभिन्न संघर्षों की प्रकृति और प्राथमिकताएं अलग-अलग हो सकती हैं, लेकिन सभी का लक्ष्य एक है - पर्यावरण और स्थानीय समुदायों के अधिकारों की रक्षा करना। आज का दिन मध्य प्रदेश के जन संघर्षों के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित हो सकता है। पहली बार इतने सारे स्थानीय संघर्ष एक मंच पर आए हैं। हमारा मानना है कि छोटे-छोटे संघर्षों को एकजुट करके ही हम वर्तमान विकास मॉडल की विसंगतियों को चुनौती दे सकते हैं।

## वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व से घायल अवस्था में लाये गये बाघ छोटा भीम की इलाज के दौरान मृत्यु


छोटा भीम फोटो

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्य प्रदेश**

बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व से घायल अवस्था में वन विहार राष्ट्रीय उद्यान एवं जू भोपाल लाये गये नर बाघ छोटा भीम की रविवार को मृत्यु हो गयी। छोटा भीम को घायल अवस्था में 30 नवम्बर, 2024 को खितौली परिक्षेत्र से रेस्क्यू कर उपचार के लिये बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व उमरिया से भोपाल लाया गया था। पोस्टमार्टम में बाघ छोटा भीम की मृत्यु का कारण कन्जेस्टिव हार्ट फेलियर बताया गया।खतौली से रेस्क्यू किये गये छोटा भीम के गले में घायल होने का निशान था। उसका उपचार राज्य पशु चिकित्सालय वरिष्ठ वन्य प्राणी स्वास्थ्य अधिकारी वन विहार वन्य प्राणी चिकित्सक वाइल्ड लाइफ एस ओ एस वन विहार, वन्यप्राणी चिकित्सक और साईटस मुख्यालय भोपाल के चिकित्सक दल की निगरानी में किया गया। दो महीने के उपचार के बावजूद बाघ छोटा भीम को नहीं बचाया जा सका। एनटीसीए नई दिल्ली एवं प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) कार्यालय मध्यप्रदेश, भोपाल से जारी दिशा-निर्देश अनुरूप पोस्टमार्टम की कार्यवाही की गई। पोस्टमार्टम में बाघ छोटा भीम के सभी अंग सुरक्षित पाए गए। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार शवदाह भस्मीकरण की कार्यवाही मुख्य वन संरक्षक, भोपाल, सहायक संचालक वन विहार सभी वन्यजीव विशेषज्ञ डिप्टी कलेक्टर व अन्य की उपस्थिति में की गई। पोस्टमार्टम एवं शवदाह भस्मीकरण कार्यवाही की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी भी कराई गई।

## शेयर मार्केट मे निवेश के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के सरगना व फर्जी खाते उपलब्ध कराने वाले सायबर क्राईम ब्रांच की गिरफ्त में

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**

भोपाल। क्राईम ब्रान्च (सायबर) जिला भोपाल की टीम ने शेयर मार्केट मे निवेश कराने के नाम पर ठगी करने वाले संगठित गिरोह के सरगना आरोपी व अन्य सदस्य को सायबर क्राईम ब्रांच भोपाल ने मेहसाना गुजरात से गिरफ्तार कर सलाखो के पीछे भेजा । बीते 31 जनवरी को फरियादी निवासी भोपाल के द्वारा सायबर क्राइम भोपाल में लिखित शिकायत आवेदन दिया गया कि शेयर मार्केट मे रुक्र्र कम्पनी के शेयर खरीदने तथा अधिक मुनाफा देने के नाम पर 13,44,300 रू की धोखाधडी की गई। आवेदन जांच पर आए तथ्यो एवं प्राप्त तकनीकि जानकारी के आधार पर क्राईम ब्रांच थाने में अपराध क्र. 03/2025 धारा- 318(4) क्व्रुस्र का कायम कर विवेचना में लिया गया। जिसको गंभीरता से लेते हुये वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में कार्यवाही प्रारंभ की गई।



प्रतिकात्मक चित्र

आरोपीयों के द्वारा आवेदक को शेयर मार्केट मे ज्यादा मुनाफा दिलाने के नाम से लुभावने ऑफर देकर रुक्र्र कंपनी के शेयर ख़रीदने के नाम पर म्यूल बैंक खातो मे पैसे डलवाते है फिर आवेदक को झांसे मे लेकर विभिन्न प्रकार के अन्य ऑफर देकर पैसे डलवाते रहते है एवं कॉलिंग के लिए सिमकार्ड छतरी वालों से खरीदते थे। अब तक 100 से ज्यादा लोगो से इंवेस्टमेंट के नाम पर ठगी कर चुका है। सायबर क्राईम जिला भोपाल की टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए प्राप्त साक्ष्यो एंव तकनीकी एनालिसिस के आधार पर अपराध करने में उपयोग किये गये वाट्सएप नंबर एवं कॉलिंग मोबाईल नम्बर बैंक खाते के वास्तविक उपयोगकर्ता की जानकारी प्राप्त की गई एवं प्राप्त जानकारी के आधार पर वास्तविक आरोपी की पहचान की गई एवं फरियादी के साथ धोखाधडी में उपयोग किये गये तकनीक की जानकारी के आधार पर गिरोह के सरगना सहित कमीशन पर बैंक खाता देने वाले खाता धारक सहित कुल 2 आरोपियों को वडनगर गुजरात गिरफ्तार कर लिया गया एवं अपराध में प्रयुक्त 4 मोबाइल फोन, 4 सिम कार्ड व अन्य दस्तावेज जप्त किये गये है। सायबर काईम संबंधित धोखाधड़ी घटित होने की सूचना भोपाल सायबर क्राइम के हेल्पलाइन नम्बर 9479990636 अथवा राष्ट्रीय हेल्पलाईन नंबर 1930 पर दें।

# भोपाल में भिक्षावृत्ति पर रोक,कलेक्टर ने जारी किया आदेश

## भिक्षा स्वरूप कुछ भी देने या लेने पर कानूनी कार्रवाई

रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन




भोपाल। ट्रैफिक सिग्नल, चौराहों, धार्मिक स्थलों, पर्यटन स्थलों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भिक्षावृत्ति में लिप्त व्यक्तियों द्वारा स्वयं या अपने परिवारों के साथ भिक्षावृत्ति की जाती है। भिक्षावृत्ति से एक ओर जहां ये लोग भिक्षावृत्ति पर अंकुश लगायें जाने संबंधी शासन के आदेशों की अवहेलना कर रह है। वही दूसरी ओर आमजन के सामान्य यातायात आदि में भी कही न कही बाधा उत्पन्न करते है। भोपाल जिले में इस प्रकार की भिक्षावृत्ति में अन्य राज्यों एवं शहरों के व्यक्ति भी संलग्न रहते है, जिनमें कई व्यक्तियों का आपराधिक इतिहास भी रहता है। भिक्षावृत्ति कार्य में संलग्न अधिकांश व्यक्ति नशे या अन्य गतिविधियों में लिप्त भी होते है। इसी तरह भिक्षावृत्ति कराने की आड़ में कई आपराधिक गतिविधियां भी संचालित की जाती है। ट्रैफिक सिग्नलों पर भिक्षावृत्ति के कारण दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। यह भी सर्वविदित है कि भिक्षावृत्ति एक सामाजिक बुराई है। शासन द्वारा भी भिक्षावृत्ति को रोकने हेतु समय-समय पर समुचित निर्देश जारी किये गये हैं। अतः भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 अंतर्गत धारा 163 में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए भोपाल जिले के समस्त राजस्व सीमा क्षेत्र में किसी भी प्रकार की भिक्षावृत्ति को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया जाता है। भिखारियों को भिक्षा स्वरूप कुछ भी देना या उनसे किसी भी प्रकार के सामान को खरीदना प्रतिबंधित किया जाता है। जो व्यक्ति भिक्षुओं को भिक्षा स्वरूप कोई चीज प्रदान करता है या देता है या इनसे कोई सामान खरीदता हैं तो उसके विरूद्ध भी इस आदेश का उल्लंघन के लिए कानूनी कार्यवाही की जावेगी। भिक्षुकों को प्रतिस्थापित कर उनके रहने हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोलार स्थित आश्रय स्थल को भिक्षुक गृह के रुप में आरक्षित किया जाता है। यह आदेश आम जनता के लिए है। तथा सार्वजनिक प्रचार के माध्यमों, समाचार पत्रों के माध्यमों एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से सर्व साधारण को अवगत कराया जा रहा हैं। यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 अंतर्गत धारा 163 (2) के अंतर्गत आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील होगा। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी।

## एनएचआरसीसीबी के वरिष्ठ पदाधिकारी प्रदेश अध्यक्ष मध्यप्रदेश प्रेम नारायण आर्य का हृदयाघात के कारण निधन

रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन

भोपाल। राष्ट्रीय कॉर्डिनेटर प्रभात कुमार मिश्र द्वारा यह दुखद समाचार प्राप्त हुआ कि मानवाधिकारों के प्रति अग्रणी संस्था राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो (एनएचआरसीसीबी) के वरिष्ठ पदाधिकारी प्रदेश अध्यक्ष मध्यप्रदेश प्रेम नारायण आर्य जी का हृदयाघात के कारण निधन



हो गया। वे एक समर्पित स्वयंसेवक, प्रतिबद्ध मानवाधिकार कार्यकर्ता एवं उत्कृष्ट पदाधिकारी थे। बहुआयामी प्रतिभा के धनी श्री आर्य मध्य प्रदेश के दो बार प्रदेश अध्यक्ष रहे,सौम्य व्यक्तित्व, कुशल सांगठनिक क्षमता, आम जन से जुड़ी समस्याओं को उठाने वाले एक जुझारू मानवाधिकार कार्यकर्ता के रूप में प्रेम नारायण आर्य सदैव याद किये जायेंगें। उनके निधन से राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने कुशल एवं सामाजिक जीवन के एक महत्त्वपूर्ण कार्यकर्ता एवं कुशल मार्गदर्शक को खो दिया है। प्रेमनारायण आर्य का निधन देश के मानवाधिकार क्षेत्र और एनएचआरसीसीबी के लिए एक अपूरणीय क्षति है, राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रणधीर कुमार ने कहा की मेरे लिए उनका निधन एक व्यक्तिगत क्षति है। एवं ÷दुःख की इस घड़ी में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रणधीर कुमार ने उनके परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना एवं दुःख प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा हेतु श्रद्धांजलि अर्पित की है इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मैं स्वयं एवं एनएचआरसीसीबी कार्यकर्ताओं की ओर से भगवान से दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवार को धैर्य और साहस प्रदान करने की प्रार्थना की है और अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है ।

# मुख्यमंत्री जनसेवा मित्र योजना बंद शिवराज के जाते ही किया युवाओं को बेरोजगार

**हल्केवीर सूर्यवंशी, संभागीय पत्रकार**

भोपाल। मुख्यमंत्री जन सेवा मित्र संगठन के द्वारा माननीय माननीय मुख्यमंत्री जी के नाम से कई बार ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें पिछली सरकार की योजना जो कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी ने युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए युवाओं को मुख्यमंत्री जन सेवा मित्र योजना से प्रदेश के 9300 जन सेवा मित्रों को प्रशिक्षित कर रोजगार से जोड़ा गया तत्पश्चात सरकार बदलते ही शिवराज सिंह चौहान के जनसेवा मित्रों को मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव द्वारा बेरोजगार कर दिया गया अतः विगत 1 वर्ष से मुख्यमंत्री जन सेवा मित्र बेरोजगार घूम रहे हैं और जनसेवा मित्रों के द्वारा ज्ञापन दिया जा रहा है परंतु मध्य प्रदेश सरकार द्वारा अभी तक कोई भी एक्शन नहीं लिया गया। मध्य प्रदेश शासन के अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं निति विश्लेषण संस्थान द्वारा प्रदेश में 9300 मुख्यमंत्री जन सेवा मित्र की भर्ती की गई थी, जो प्रशासन व नागरिकों के बीच सेतु का कार्य कर रहे थे। सरकार की समस्त जन कल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम वर्ग तक पहुँचाने के कार्य करते थे जैसे



लाडली बहन योजना, मतदाता जागरूकता अभियान व आदिवासी आहार अनुदान जैसी तमाम योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जब प्रदेश भर के ग्राम पंचायत में ग्राम सहायक सचिव व सचिव हड़ताल पर थे उस समय जनसेवा मित्रों ने कार्य किया। जिसकी प्रशंसा तत्कालीन मुख्यमंत्री जी ने कई बार की थी और कहाँ था कि जनसेवा मित्र मुख्यमंत्री के आंख - कान हैं जमीन पर ऐसे ही लगन से कार्य करते रहना। परंतु वर्तमान में मुख्यमंत्री जनसेवा मित्र एक साल सरकार के साथ कार्य करने के बाद से बेरोजगार हो कर रोजी रोटी के लिए भटक रहे है जबकि विधानसभा चुनाव से पूर्व बूथ केम्प 2 में मुख्यमंत्री जी ?द्वारा नई सरकार में भी जनसेवा मित्रों की सेवा लगातार जारी रखने का वादा किया गया था। अभी हाल ही में सरकार द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल विहारी वाजपेयी जी की 100 वी जयंती पर सभी ग्राम पंचायतों में अटल ग्राम सेवा सदन खोले जाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। जिसके मध्यम से सरकार शासन कि योजनों को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुँचाने कि बात कह रही है। यह वही कार्य है. जो पूर्व में मुख्यमंत्री जनसेवा मित्रों द्वारा किया जा रहा था जिसका जनसेवा मित्रों को अलग अलग विभागों द्वारा कई बार प्रशिक्षण भी दिया गया है व एक साल का कार्य अनुभव भी है। अतः 1 वर्ष से मुख्यमंत्री जन सेवा मित्र प्रयास कर रहे हैं परंतु सरकार से कोई जवाब नहीं मिल रहा है मुख्यमंत्री जन सेवा मित्र संगठन मध्य प्रदेश के प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष आकाश रजक ने बताया गया कि अगर इस प्रकार उनकी सुनवाई नहीं होती है तो आने वाले समय में उग्र आंदोलन के तहत और बहुत बड़ा आंदोलन करेंगे।

## सन 1942 के महान क्रांतिकारी वीर मनीराम अहिरवार के आंदोलन में वीरगति को प्राप्त वीरांगना गौरादेवी कतिया के नाम पर न भवन नहीं कोई पार्क शहीदों की गई उपेक्षा - छोटू भाईजान




मूलचन्द मेंथोनिया पत्रकार

गाडरवारा। चीचली तहसील गाडरवारा जिला नरसिंहपुर। देश की आजादी में कुरबानी देने वाले महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं शहीद हुए वीर मनीराम अहिरवार जी के युद्ध के दौरान चीचली में 23 अगस्त 1942 को चीचली गोंडवाना राजमहल की सुरक्षा करते हुए अनुसूचित जाति के अंतर्गत



आने वाली कतिया बिरादरी की वीरांगना गौरादेवी कतिया जी के नाम पर नगर में नहीं कोई भवन बना है और न ही उनकी शहादत स्थल पर बनी समाधि पर कोई भी मूर्ति नहीं लगाई है। उनकी समाधि का किसी भी तरह का रखरखाव नहीं किया जाता है। चीचली नगर के समाजसेवी छोटू भाईजान ने अनुसूचित जाति के अमर शहीद वीर मनीराम अहिरवार जी के ऊपर अंग्रेजों द्वारा बंदूक की फायरिंग में वीरांगना गौरादेवी कतिया की घटना स्थल पर ही वह वीरगति को प्राप्त हुई थी। जिनके नाम पर किसी प्रकार का स्थान न बनाया गया। जो कि इस वर्ग की उपेक्षा मात्र है। छोटू भाईजान नही अफसोस जताते हुए कहा है कि कतिया समाज की वीरांगना की शहादत को अनदेखा करना अभी तक की सरकार एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की बेजा उपेक्षा है। नगर के सामाजिक नागरिकों सहित कतिया समाज के सभी नागरिकों द्वारा वीरांगना गौरादेवी कतिया जी का स्मरण दिवस मनाने और उन्हें समुचित सम्मान दिलाने हेतु एक विशाल कार्य कार्यक्रम करने हेतु एक बैठक शीघ्र की जायेगी। तथा इस कौम के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं शहीदों के लिए सम्मान देने की सरकार से मांग की जायेगी।

## रायसेन में निःशुल्क योग शिविर का शुभारंभ लाडली लक्ष्मी वाटिका में प्रशिक्षक दशरथ सिंह दे रहे प्रशिक्षण



हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय पत्रकार

रायसेन। नगर पालिका द्वारा संचालित लाड़ली लक्ष्मी वाटिका पार्क में द्वितीय दिन के योग अभ्यास में योग प्रशिक्षक दशरथ सिंह द्वारा बताया योग साधना किसी धर्म विशेष के लिए नहीं बल्कि संपूर्ण मानव जाति के कल्याण के लिए है आप जब से योग अभ्यास को प्रारंभ करते हैं तभी से आपको लाभ होना प्राप्त हो जाते हैं आप दो-तीन महीने के अभ्यास से ही अंतर साफ दिखने लगता हैं, ऐसा कोई सा भी असाध्याय रोग नहीं है जिसमें योग के द्वारा लाभ प्राप्त ना हो आपको बस योग साधना को निरंतर अपने जीवन बनाए रखना है मेडिकल साइंस जिन रोगों को जड़ से खत्म नहीं कर सकता उन रोगों को भी योग के द्वारा जड़ से खत्म किया जा सकता है जैसे ही हाई बीपी लो बीपी (शुगर) डायबिटीज अनिद्रा इत्यादि।

# राजनीति और समाज सेवा के क्षेत्र में एक नया नाम उभर रहा है -कपिल तिवारी।



देवरी। अपनी कम उम्र में ही उन्होंने समाज सेवा और संगठनात्मक कार्यों में खुद को साबित किया है। वर्तमान में हुस्क 140 इंटर्न है युवा मोर्चा बीजेपी उपाध्यक्ष भी है। कपिल तिवारी एक ऐसे युवा हैं जो अपने कर्मठ स्वभाव, सौम्य व्यवहार और सहयोग की भावना के लिए जाने जाते हैं। उनके साथियों का कहना है कि वे हर जरूरतमंद की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं और अपने कार्यों से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की कोशिश कर रहे हैं। उनकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे अपनी खुद की पहचान और मेहनत के बल पर आगे बढ़ रहे हैं। मधुरभाषी और मिलनसार स्वभाव के कारण वे लोगों के दिलों में अपनी जगह बना चुके हैं। एक साधारण किसान परिवार में जन्म लेने के बावजूद, उन्होंने अपनी लगन और मेहनत से समाज में अपनी अलग पहचान बनाई है। कपिल तिवारी की यह यात्रा यह दर्शाती है कि अगर मन में कुछ करने का जज्बा हो, तो कोई भी व्यक्ति समाज में अपनी अलग पहचान बना सकता है।

# 8 दिन से खुदी पड़ी सड़क, वार्ड क्रमांक 8 के लोग हो रहे परेशान।

**हल्केवीर सूर्यवंशी, संभागीय पत्रकार**



देवरी। नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 8 में पिछले 8 दिनों से पाइपलाइन की खुदाई के कारण सड़क खुदी पड़ी है, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस रास्ते से रोजाना सैकड़ों लोग गुजरते हैं, लेकिन टूटी सड़क और खुदी पाइपलाइन के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है।

## 12 फरवरी को नगर में निकलेगी गुरु रविदास जयंती रैली

गौरतलब है कि 12 फरवरी को गुरु रविदास जयंती के अवसर पर अंबेडकर भवन से नगर में भव्य रैली निकाली जाती है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। लेकिन वार्ड क्रमांक 8 की खुदी सड़क इस आयोजन में बाधा बन सकती है। स्थानीय नागरिकों ने नगर परिषद अध्यक्ष एवं सीएमओ से मांग की है कि रविदास जयंती से पहले सड़क को ठीक कराया जाए, ताकि श्रद्धालुओं और आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## प्रशासन कब करेगा कार्रवाई?

लोगों का कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। अब देखने वाली बात होगी कि नगर परिषद कब तक इस समस्या का समाधान करती है।

# मध्यप्रदेश अन्तर्राष्ट्रीय सूरजकुंड शिल्प मेले में बना थीम स्टेट



**भोपाल।** मध्यप्रदेश, हरियाणा के पर्यटन विभाग द्वारा 7 फरवरी से 23 फरवरी, 2025 तक आयोजित किए जा रहे अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड शिल्प मेला में थीम राज्य है। इस अवसर पर मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति एवं पर्यटन विभाग के संयोजन से मेले में आने वाले देश-विदेश के सैलानियों को मध्यप्रदेश की संस्कृति, पर्यटन, कला, शिल्प देखने और पारंपरिक व्यंजनों का आनंद लेने का अवसर मिलेगा। अन्तर्राष्ट्रीय सूरजकुंड शिल्प मेले में मध्यप्रदेश की ओर से सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के अंतर्गत लोक नृत्य-संगीत का प्रदर्शन होगा। इसमें भगोरिया, गणगौर, मटकी, गुदुमबाजा, काठी, करमा, भड़म, बरेदी, बधाई-नौरता, अहिराई इत्यादि लोक नृत्यों की प्रस्तुति होगी। मध्यप्रदेश की समृद्ध लोक संस्कृति को मेले के सैलानी देख सकेंगे। मेले में 17 फरवरी को नाटक बैजू बावरा और नृत्य नाटिका वीरांगना रानी दुर्गावती की विशेष प्रस्तुतियां भी होंगी। सूरजकुंड शिल्प मेला में मध्यप्रदेश के 40 शिल्पकारों के पारंपरिक शिल्प प्रदर्शन सह विक्रय के लिए उपलब्ध होंगे। इन शिल्पों में चंदेरी, महेश्वरी साड़ी एवं बाग प्रिंट, दरी-चादर, अजरक प्रिंट, घास की पत्ती से बने शिल्प, गोंड पेंटिंग, ढोकरा शिल्प, जूट, मिट्टी शिल्प, कढ़ाई एवं छपाई, भीली गुड़िया, छापा कला, नाँदना प्रिंट, लौह शिल्प, गोबर शिल्प, कशीदाकारी, खरद शिल्प, खादी और कॉटन, ब्लॉक प्रिंट इत्यादि शामिल हैं। मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा मेला परिसर में विशेष मंडप भी बनाया गया है, जहां प्रदेश के पर्यटन के बारे में विस्तृत जानकारी पर्यटकों को दी जा सकेगी। पर्यटक जान सकेंगे कि वे कैसे मध्यप्रदेश के पर्यटन स्थलों का भ्रमण कर सकते हैं। साथ ही मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा क्या-क्या सुविधाएं पर्यटकों को दी जाती हैं। इस मंडप में पर्यटकों को मध्यप्रदेश में पर्यटन के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों की जानकारी दी जायेगी। साथ ही बताया जायेगा कि वह किस तरह वे अपना टूर प्लान कर सकते हैं।

## सूरजकुंड शिल्प मेला के बारे में

सूरजकुंड शिल्प मेला, भारत की एवं शिल्पियों की हस्तकला का 15 दिन चलने वाला मेला लोगों को ग्रामीण और लोक संस्कृति का परिचय देता है। यह मेला हरियाणा राज्य के फरीदाबाद शहर के दिल्ली के निकटवर्ती सीमा से लगे सूरजकुंड क्षेत्र में प्रतिवर्ष लगता है। यह मेला लगभग तीन दशक से आयोजित होता आ रहा है। इस मेले में हस्तशिल्पी और हथकरघा कारीगरों के अलावा विविध अंचलों की वस्त्र परंपरा, लोक कला, लोक व्यंजनों के अतिरिक्त लोक संगीत और लोक नृत्यों का भी संगम होता है।



हो गई जुवां कटीली है, निकलते बोल तीखे हैं।
न जाने कैसा , है आलम बोल किस किस से सीखें हैं
फब्तियां कसे कोई किस पर,हंसी के अलग ठहाके है
बिकट उन्मादी पन का खेल,, खेलना कैसे सीखें हैं ।

यहां पर नफरत का आलम,जहर सी जंग जुवानी है।
ठोकता ,ताल हर कोई, यहां, सत्ता की, ज़वानी है।
मौत का भरा समंदर है, डूबने से बचो यारो
नहीं उनकी हैरानी है,नहीं इनकी हैरानी है।

बनों मत मूकदर्शक तुम, जुवां को खोलना होगा।
नज़र से देख नजारों को समझ से समझना होगा।
कलम से लिखकर देखो तो , क़लम से कलम हो जाये
झूठ फनकारी बातों, को मनन कर समझना होगा।

लिखो कुछ ऐसा तो लिख दो तुम्हारा नाम हो जाये।
धरा से गगन तक गूंजे ,बड़ा कोहराम हो जाये।
शब्द की सरस लेखनी का नशा जिस को हो जायेगा
तेरी कलम से लिखने की आदत फिज़ा में आम हो जाये।

**कविराज गोपीलाल अहिरवार**

# मंत्री सुश्री भूरिया से मिली सोलो महिला साइक्लिस्ट आशा मालवीय



भोपाल। महिला-बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया से गुरुवार को भोपाल में उनके निवास पर राष्ट्रीय खिलाड़ी और सोलो साइक्लिस्ट जिला राजगढ़ की कु. आशा मालवीय ने सौजन्य भेंट की। कु. आशा ने बताया कि वे सम्पूर्ण भारत में 26 हजार किलोमीटर की यात्रा करने वाली एकल महिला साइक्लिस्ट हैं। उनका उद्देश्य महिला सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण है। उन्होंने बताया कि कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती पर उन्होंने कन्याकुमारी-कारगिल-सियाचिन-दिल्ली यात्रा कर शहीदों को श्रद्धा-सुमन अर्पित किये। कु. आशा ने बताया कि वे दुनिया के सबसे अधिक ऊँचाई पर स्थित मोटरेबल रोड से होकर भोपाल पहुँची हैं। अब तक उन्होंने इस यात्रा में 17 हजार 200 किलोमीटर की दूरी तय कर ली है। पिछले 2 वर्षों में कु. आशा मालवीय ने लगभग 43 हजार किलोमीटर की साइकिल यात्रा की है। मंत्री सुश्री भूरिया ने कु. आशा को बधाई और शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि महिलाएँ हर क्षेत्र में अपना वर्चस्व कायम करने में कामयाब हो रही हैं। उन्होंने कहा कि कु. आशा के हौसले ने उन्हें इस मुकाम पर पहुँचाया है और वे अन्य बच्चियों के लिये एक प्रेरणा हैं।

# समर्थन मूल्य पर गेहूँ की बिक्री के लिए 62 हजार से अधिक किसानों ने कराया पंजीयन

## गेहूँ उपार्जन के लिये 31 मार्च तक होगा पंजीयन-खाद्य मंत्री श्री राजपूत

भोपाल। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि अभी तक 62 हजार 77 किसानों ने पंजीयन कराया है। किसान 31 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं। उन्होंने बताया है कि वर्ष 2025-26 के लिए गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रूपये घोषित किया गया है। यह गत वर्ष से 150 रूपये अधिक है। मंत्री श्री राजपूत ने किसानों से आग्रह किया है कि गेहूँ की बिक्री के लिए समय-सीमा में पंजीयन जरूर करायें। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूँ की बिक्री के लिए जिला बुरहानपुर में 2, बड़वानी में 17, खरगोन में 189, खंडवा में 339, अलीराजपुर में 13, झाबुआ में 776, धार में 4202, इंदौर में 9381, नीमच 134, मंदसौर 362, आगर-मालवा में 823, शाजापुर में 3710, देवास में 4035, रतलाम में 2211, उज्जैन में 11344, ग्वालियर में 55, शिवपुरी में 23, गुना में 23, दतिया में 142, अशोकनगर में 6, भिंड में 4, मुरैना में 96, श्योपुर में 43, छिंदवाड़ा में 157, सिवनी में 61, डिंडोरी में 21, कटनी में 14, नरसिंहपुर में 215, मंडला में 353, हरदा में 173, बैतूल में 362, नर्मदापुरम में 1793, विदिशा में 1563, राजगढ़ में 1096, रायसेन में 1969, भोपाल में 1975, सीहोर में 12596, सतना में 48, सीधी में 75, रीवा में 44, सिंगरौली में 19, मैहर में 3, उमरिया में 64, अनूपपुर में 9, शहडोल में 239, पन्ना में 37, सागर में 419, दमोह में 124, छतरपुर में 289, निवाड़ी में 88 और टीकमगढ़ में 341 किसानों ने पंजीयन कराया है।

# 17 अप्रैल को होगा नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का उदघाटन

**मुंबई एजेंसी।** पिछले 70 वर्षों में मुंबई की आबादी 10 गुना बढ़ गई है, लेकिन हवाई अड्डा वही बना हुआ है। लेकिन अब नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (एनएमआईए) से उड़ान सेवाएं मई में शुरू होने वाली है। इससे मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा पर भार कम हो जाएगा। एयरपोर्ट अथॉरिटी से मिली जानकारी के अनुसार नए एयरपोर्ट का उद्घाटन 17 अप्रैल को होगा। लेकिन विमान सेवा मई में शुरू होगी।

शुरूआत में केवल टी-1 टर्मिनल और एक रनवे से काम शुरू होगा। अन्य सुविधाएं भी चरणबद्ध तरीके से खोली जाएंगी। नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के खुलने के बाद, मुंबई हवाई अड्डे के टी 1 और टी 2 टर्मिनल से संचालित कुछ उड़ानों को नए हवाई अड्डे पर स्थानांतरित कर दिया जाएगा। यहां वाणिज्यिक उड़ानें मई के अंत तक शुरू होने की उम्मीद है। उम्मीद है कि पहले कुछ महीनों में नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 2 से 3 करोड़ यात्री आ सकते हैं। मुंबई स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा 2024 में 5.5 करोड़ यात्रियों को सेवा प्रदान करेगा। मई से नवी मुंबई हवाई अड्डे से लगभग 1.1 करोड़ यात्री यात्रा करेंगे। मुंबई हवाई अड्डे का टी1 टर्मिनल पुनर्निर्माण के लिए अक्टूबर 2025 से बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद यह 2029 में पुनः प्रारम्भ होगा। चार साल बाद मुंबई हवाई अड्डे की क्षमता 1.5 करोड़ से बढ़कर 2 करोड़ हो जाएगी। वर्तमान में, 1.5 करोड़ यात्री मुंबई हवाई अड्डे के टी 1 से उड़ान भरते हैं।

## 6 फरवरी को होगा विद्यासागर महाराज का 100 रु. का सिक्का जारी



**इंदौर।** केंद्र सरकार द्वारा संत आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के प्रथम समाधि दिवस, 6 फरवरी को 100 रुपए मूल्य का सिक्का जारी किया जा रहा है। मंत्रालय ने 31 जनवरी को गजट नोटिफिकेशन में यह घोषणा की है। जैन समाज के प्रवक्ता राजेश जैन ने जानकारी देते हुए कहा है।पहली बार जैन संत के सम्मान में केंद्र सरकार द्वारा यह सिक्का जारी किया जा रहा है।

### रिपोर्टः 2025 में भारत की जीडीपी में 383 अरब डॉलर की होगी बढ़ोतरी

# दुनिया में सबसे तेज बढ़ती इकॉनमी के बाद भी चीन से पीछे है भारत

**नई दिल्ली एजेंसी।** इस वक्त दुनिया में भारत की इकॉनमी सबसे तेजी बढ़ रही है। लेकिन इनकम जेनरेट करने के मामले में भारत अब भी चीन से बहुत पीछे है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 2025 में भारत की जीडीपी में 383 अरब डॉलर की बढ़ोतरी होगी। यह 2021 को छोड़कर अब तक किसी भी एक साल में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी होगी। कोरोना काल के बाद साल 2021 में जीडीपी में भारी बढ़ोतरी हुई थी, लेकिन चीन की जीडीपी में इस साल 1.26 ट्रिलियन डॉलर की बढ़ोतरी होने का अनुमान है। यह स्थिति तब है जब भारत की जीडीपी ग्रोथ 6.5 फीसदी रहने का अनुमान है जबकि चीन की इकॉनमी के 4.5 फीसदी की रफ्तार से बढ़ने की बात कही जा रही है। चीन की इकॉनमी का आकार बहुत बड़ा है।

चीन की इकॉनमी 19.53 ट्रिलियन डॉलर है जबकि 4.27 ट्रिलियन डॉलर है। दुनिया की दूसरी बड़ी इकॉनमी वाले देश चीन ने 1980 के बाद 15 बार 10 फीसदी से ज्यादा जीडीपी ग्रोथ हासिल की है। 1980 में भारत और चीन की इकॉनमी करीब बराबर थी, लेकिन 2029 में चीन की इकॉनमी के भारत से चार गुना पहुंचने का अनुमान है। तब भारत की इकॉनमी 6.3 ट्रिलियन डॉलर की होगी जबकि चीन की इकॉनमी 24.6 ट्रिलियन डॉलर पहुंच गई। भारत को इस साल अपनी इकॉनमी में 1.26 ट्रिलियन डॉलर जोड़ने के लिए डॉलर टर्म में 32 फीसदी की ग्रोथ हासिल करनी होगी। 1983 से 1995 के दौरान चीन ने 13 में से 9 बार डबल डिजिट ग्रोथ हासिल की थी।

# झाड़ू के तिनके बिखरे, छोड़कर जा रहे आप-दा के नेता :पीएम

### दिल्ली में मोदी बोले-3 दिन बाद विकास का बसंत आएगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को दिल्ली पहुंचे। पीएम ने आरके पुरम में करीब 1 घंटे जनता को संबोधित किया। इस दौरान मोदी ने आप-दा और कांग्रेस पार्टी की आलोचना की। पीएम ने रैली की शुरुआत देशवासियों को बसंत पंचमी की बधाई के साथ की। मोदी ने कहा- बसंत पंचमी के साथ ही मौसम बदलना शुरू हो जाता है। तीन दिन बाद 5 फरवरी को दिल्ली में विकास का नया बसंत आने वाला है। दिल्ली में वोटिंग से पहले ही झाड़ू के तिनके बिखर रहे हैं। आपदा के लीडर्स उसे छोड़कर जा रहे हैं। आपदा पार्टी ने यहां के 11 साल बर्बाद कर दिए हैं। सरकार वो अच्छी है जो बहाने बनाने के बजाय दिल्ली को सजाने-संवारने में ऊर्जा लगाए। इस बार



दिल्ली में भाजपा सरकार बनने जा रही है। इस बार पूरी दिल्ली कह रही है- अबकी बार मोदी सरकार। साथियों दिल्ली की आपदा पार्टी ने यहां के 11 साल बर्बाद कर दिए हैं। मेरी दिल्ली के हर परिवार से प्रार्थना है कि राज्य में हमें आप सबकी दिल्ली वासियों की सेवा का अवसर जरूर दें। मैं गारंटी देता हूं कि आपकी हर मुसीबत, हर परेशानी को दूर करने के लिए खप जाऊंगा। गरीब हो या मिडिल क्लास, हर परिवार का जीवन खुशहाल हो ऐसी डबल इंजन सरकार दिल्ली को मिलेगी। हमें ऐसी सरकार बनानी है जो लड़ाई-झगड़े के बजाय दिल्ली के लोगों की सेवा करे। जो बहाने बनाने के बजाय दिल्ली को सजाने-संवारने में ऊर्जा लगाए। आपने आने वाले 5 साल के लिए केंद्र में भाजपा की पक्की सरकार बना ली है। अब गलती से भी यहां आपदा सरकार नहीं आनी चाहिए। इस साल के बजट के बारे में आपने कल सुना होगा, आज के अखबार तो भरे पड़े हैं।

# विद्यार्थी अपने ज्ञान और कौशल को निरंतर करते रहें अपडेटः गवर्नर




**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल रविवार को महाराजा छत्रसाल बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय छतरपुर के चौथे दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। राज्यपाल श्री पटेल ने समारोह में विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और उपाधियां प्रदान की। उन्होंने विश्वविद्यालय के प्रकाशनों का लोकार्पण भी किया। राज्यपाल ने समारोह के सारस्वत अतिथि एवं नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी को एमसीबीयू डॉक्टर ऑफ साइंस की उपाधि से विभूषित किया। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि तेजी से बदलते आज के तकनीकी युग की वैश्विक प्रतिस्पर्धा में निरंतर ज्ञान की खोज समय की जरूरत है। इसीलिए विद्यार्थी जीवन में नए अवसरों को प्राप्त करने और नई चुनौतियों के समाधान खोजने में अपने ज्ञान और कौशल को निरंतर अपडेट करते रहें। सपने साहस और धैर्य से साकार होते हैं। जरूरत है तो बस असफलता से सीख कर, स्वयं में बदलाव करते हुए आगे बढ़ने की। उन्होंने गुरुजनों से कहा कि जीवन में सफलता के लिए कठोर अनुशासन, भरपूर आत्म-विश्वास और संवेदनशील व्यक्तित्व होना जरूरी है। आपकी प्रतिभा, ज्ञान और कौशल से किए गए कार्यों की सार्थकता समाज की अंतिम कड़ी के वंचित व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने में ही है।

# बजट से बदलेगी बिहार के बौद्ध स्थलों की तस्वीर !

### केसरिया स्तूप को मिलेगा नया जीवन,विकास की उम्मीद

**गया (एजेंसी)।** केंद्रीय बजट में नए वित्तीय वर्ष के लिए महात्मा बुद्ध के जीवन से जुड़े सभी स्थलों को विकसित करने की घोषणा के बाद बिहार के इन स्थलों के विकास की उम्मीद जगी है, जो महात्मा बुद्ध से जुड़े हुए हैं। बिहार के बोधगया, गया, केसरिया, नालंदा, वैशाली, राजगीर जैसे कई स्थल हैं जिन्हें अब पर्यटन के क्षेत्र में पंख लगने की उम्मीद है। दरअसल, भगवान बुद्ध से जुड़े स्थलों को जोड़कर बुद्ध सर्किट कहा जा रहा है। बिहार में महात्मा बुद्ध से जुड़े स्थानों में सबसे महत्वपूर्ण बोधगया माना जाता है। मान्यता है कि यहां बोधि वृक्ष के नीचे महात्मा बुद्ध को ज्ञान प्राप्त हुआ था। यह बोधि वृक्ष आज भी यहां मौजूद है। यहां महाबोधि मंदिर है, जहां प्रतिवर्ष लाखों देश-विदेश के धर्मावलंबी पहुंचते हैं और प्रार्थना करते हैं। इधर, केसरिया के लोगों को भी केसरिया स्तूप के विकास की उम्मीद बढ़ गई है। विश्व के सबसे ऊंचे केसरिया बौद्ध स्तूप के विकास की उम्मीद बढ़ गई है। महात्मा बुद्ध सेवा संस्थान के पूर्व धरातल से 105 फीट ऊंचा है। इस स्तूप पर सात तल हैं, प्रत्येक तल पर भगवान बुद्ध की प्रतिमा विभिन्न मुद्राओं में स्थापित है, जो स्तूप की खुदाई के बाद मिली है। पूर्वी चंपारण के केसरिया का



अध्यक्ष परमेश्वर ओझा ने कहा है कि हम लोग स्तूप के विकास को लेकर काफी समय से संघर्षरत हैं लेकिन स्तूप का जितना विकास होना चाहिए, नहीं हो सका। अब बजट से उम्मीद जगी है। विश्व का सबसे ऊंचा स्तूप होने के बावजूद इसका विकास काफी धीमा है। केसरिया का बौद्ध स्तूप बौद्ध स्तूप भगवान बुद्ध के जीवन काल से जुड़ा हुआ है। मान्यता है कि भगवान बुद्ध जब वैशाली से महापरिनिर्वाण के कुशीनगर के लिए चले तो प्रथम रात्रि विश्राम इसी स्थल पर किया। यहां स्तूप बना है। भगवान बुद्ध के रात्रि विश्राम को लेकर ही उनके शिष्यों ने स्तूप का निर्माण कराया था।

## इजरायली आर्मी और असद समर्थकों में टकराव

● गोलान हाइट्स में बढ़ा तनाव, बढ़ सकता है संघर्ष



**तेल अवीव (एजेंसी)।** इजरायली आर्मी ने शुक्रवार को गोलान हाइट्स में एक सशस्त्र समूह पर गोलीबारी की है। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। इजरायली मीडिया ने बताया कि आईडीएफ के जवान इलाके में कार्रवाई कर रहे हैं। वहीं सीरियाई मीडिया का दावा है कि सशस्त्र समूहों ने तुरनेजेह गांव के पास जवानों पर गोलीबारी की है। एक्सिस ऑफ रेजिस्टेंस से जुड़े मीडिया की शुरुआती रिपोर्ट में बताया गया है कि इस्लामिक रेजिस्टेंस फ्रंट इन सीरिया ने हमले की जिम्मेदारी ली है। यह घटना सीरिया और इजरायल के बीच तनाव को बढ़ा सकती है। यरुशलम पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, आईडीएफ ने कहा कि वह इलाके में खतरों को खत्म करने और इज़राइली नागरिकों की सुरक्षा के लिए तैनात है। इजरायल के साथ गोलीबारी की घटना असद गुट के साथ हुई है।

### मिरैकल मिरैकल!

# 30 साल पुराने नीम के पेड़ से बह रहा है 'दूध'

### अशोकनगर में लोगों का तांता,पूजा की मची होड़





**भोपाल।** मध्य प्रदेश के अशोकनगर जिले के भूराखेड़ी गांव के पास एक नीम के पेड़ से दूध जैसा पदार्थ निकल रहा है। यह घटना लगभग 15 दिनों से चल रही है और इसे देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। कुछ लोग इसे

**● 15 दिनों से यहां लगातार बह रही है दूध की धारा**

चमत्कार मान रहे हैं जबकि कुछ इसे वैज्ञानिक कारणों से जोड़कर देख रहे हैं। दूसरी तरफ बुजर्गो ने बताया कि इस पेड़ की उम्र लगभग 30 साल के करीब है। भूराखेड़ी गांव में एक नीम का पेड़ इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। इस पेड़ से एक सफेद रंग का पदार्थ निकल रहा है, जो दूध जैसा दिखता है। यह घटना पिछले 15 दिनों से जारी है। जैसे ही यह खबर आसपास के गांवों में फैली, लोग इसे देखने के लिए भारी संख्या में आने लगे। इस असामान्य घटना को देखकर लोगों की प्रतिक्रियाएं अलग-अलग हैं। कुछ लोग इसे दैवीय चमत्कार मान रहे हैं। वहीं कुछ लोग इसके पीछे कोई वैज्ञानिक कारण होने की बात कर रहे हैं। गांव के रहने वाले तुलसीराम कुशवाहा ने बताया कि यह पेड़ लगभग 30 साल पुराना है। कुछ ग्रामीणों ने पेड़ के 25 फीट ऊपर से दूध की धारा नीचे आती देखी। यह धारा लगातार 15 दिन से बह रही है। जैसे ही यह बात लोगों तक पहुंची, इसे देखने वालों की भीड़ लगने लगी। तुलसीराम कुशवाहा ने बताया,यह पेड़ लगभग 30 साल पुराना है। इस पेड़ में कुछ ग्रामीणों ने पेड़ के 25 फीट ऊपर से दूध की धारा नीचे आती देखी जो लगातार 15 दिन से बह रही है। जैसे ही यह बात लोगों तक पहुंची, इसे देखने लोगों की भीड़ आने लगी है। गांव के लोग इसे चमत्कार मान रहे हैं।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक :-** नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)